


सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-22 अंक-30 | सीहोर, रविवार 16 मार्च 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## सिंहस्थ-2028 के भव्य आयोजन के लिये कृत-संकल्पित हैं हम : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

>>> अमृत 2.0 के अंतर्गत 476 करोड़ रुपए लागत के सीवरेज कार्यों का भूमि-पूजन किया

>>> मुख्यमंत्री ने होली के अवसर पर उज्जैन में नागरिकों के साथ खेली फूलों की होली




भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने होली के पावन अवसर पर उज्जैन में कालिदास अकादमी परिसर में नागरिकों के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार देर रात अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों तथा सिंहस्थ क्षेत्र में 476 करोड रुपए लागत के सीवरेज कार्यों का भूमि-पूजन किया। इससे 3 लाख से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम उज्जैन के गौरव में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सदैव प्रयासरत है। हम भाग्यशाली हैं जो उज्जैन जैसा स्वर्ग हमें मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले सिंहस्थ-2028 के भव्य आयोजन के लिए हम कृत-संकल्पित हैं। इसके अंतर्गत 2329 करोड़ के कार्य किये जा रहे हैं। जल संसाधन विभाग के 2533 करोड़ रुपए के तीन, ऊर्जा विभाग के 329 करोड रुपए के 6 कार्य किये जा रहे हैं। 9650 करोड़ रुपए के टू लेन तथा फोर लेन सड़क निर्माण किये जा रहे हैं। पर्यटन के 382 करोड़ रुपए, संस्कृति विभाग के 259 करोड़ रुपए के काम किये जा रहे हैं। मेडिसिटी में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के समस्त कार्य जून 2027 में पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ का व्यापक एवं भव्य आयोजन हम सब की जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन औद्योगिक क्षेत्र में विश्व स्तरीय पेप्सीको कंपनी द्वारा वृहद स्तर की फैक्ट्री डाली जाएगी, जो आलू के चिप्स बनाएगी। उज्जैन को शीघ्र ही "जू" की सौगात मिलने वाली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में देश और दुनिया भर के उद्योगपति निवेश के लिए आगे आ रहे हैं। प्रदेश में गौ-दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया जा रहा है, जो भी नागरिक घर में भी गौ-पालन करेंगे उनको शासन द्वारा बोनस दिया जाएगा। असहाय निराश्रित गौ-माता का पालन शासन द्वारा किया जाएगा। इसके लिए शहरों में 10-10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं निर्मित की जा रही है। प्रदेश में गौ-शालाओं को प्रति गौ-माता 20 के स्थान पर अब 40 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश की केन-बेतवा, पार्वती-कालीसिंध-चंबल और ताप्ती नदी परियोजनाओं से आने वाले समय में 100 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी।

प्रदेश में मेट्रोपॉलिटन सिटी पर भी कार्य किया जा रहा है।कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, रामलाल यादव, संजय अग्रवाल उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता तथा बड़ी संख्या में शहर के प्रबुद्ध जन एवं नागरिक आदि उपस्थित थे।

## मऊगंज जिले में थाना प्रभारी समेत पुलिस टीम पर हमला, एक पुलिसकर्मी की मौत

रीवा(ए.)। मऊगंज जिले में शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में आदिवासी परिवार ने एक युवक को बंधक बनाकर पीटा। सूचना पाते ही उसे बचाने पहुंचे टीआई समेत पुलिस की टीम पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में एकपुलिसकर्मी की मौत हो गई है। पुलिस दर पर हुई हमले की जानकारी मिलने के बाद भेजे गए अतिरिक्त पुलिस बल की सहायता से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है यहां घायल पुलिस कर्मियों का इलाज चल रहा है।

मऊगंज पुलिस अधीक्षक रसना ठाकुर ने बताया कि बंधक बनाकर युवक की पिटाई की सूचना मिलते ही शाहपुर थाना प्रभारी संदीप भारतीय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जैसे ही कमरे को खुलवाया गया तो देखा कि युवक सनी द्विवेदी की मौत हो चुकी है। फोर्स को देखकर घबराए आरोपियों ने पुलिसवालों पर भी हमला कर दिया।हमले में थाना प्रभारी संदीप भारतीय, हनुमना तहसीलदार कुंवारे लाल पनिका, एएसआई बृहस्पति पटेल, एएसआई राम चरण गौतम, एसडीओपी अंकिता सूल्या और 25वीं बटालियन के जवाहर सिंह यादव समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।एसडीओपी अंकिता सूल्या और एसआई आरती वर्मा ने खुद को गांव में ही एक कमरे में बंद कर लिया।


## अमृतसर मंदिर ब्लास्ट में तीन आरोपी बिहार से गिरफ्तार, नेपाल भागने की फिराक में थे शातिर

अमृतसर(ए.)। अमृतसर के खंडवाला क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में ग्रेनेड से हमला करने के मामले में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े तीन प्रमुख गुर्गों को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर की गयी कार्रवाई के तहत बिहार के मधेपुरा के कुमारखंड थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने हाल ही में एक ऑपरेशन में बरामद ग्रेनेड और हथियारों की आपूर्ति की थी। गिरफ्तार किए गए लोग अमृतसर के खंडवाला और छेहरट्टा इलाकों में रहते हैं और उन्हें आगे की पूछताछ के लिए वापस लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए अथक प्रयास कर रही है। तीनो युवकों को बिहार से उस समय गिरफ्तार किया गया जब युवक नेपाल भागने की फिराक में थे। युवकों ने हथियार और ग्रेनेड अमृतसार पहुंचाए थे। पंजाब पुलिस अब इन तीनों युवकों को लेकर अमृतसर पहुंच रही है।वहीं, अमृतसर की मंदिर पर हमले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में कथित तौर पर दो युवक ठाकुर द्वार मंदिर परिसर पर ग्रेनेड हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हमले में मंदिर के बाहर जोरदार विस्फोट होते हुए भी नजर आ रहा है। ग्रेनेड हमले में मंदिर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई और खिड़कियों के शीशे टूट गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंदिर पहुंचे थे। कुछ सेकंड रुकने के बाद, उनमें से एक ने मंदिर की ओर कुछ विस्फोटक सामग्री फेंकी और मौके से भाग गया। जैसे ही वे भागे, मंदिर में एक बड़ा धमाका हुआ।



## 'जो पाकिस्तान गए वो कायर, हम भागेंगे नही', होली पर घर में रहने की हिदायत पर भड़के ओवैसी

हैदराबाद (ए.)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने होली के दौरान मुस्लिमों को घर में रहने की हिदायत देने पर आपत्ति जाहिर की है। ओवैसी ने कहा कि 'हम कायर नहीं हैं। हम भागेंगे नहीं।' ओवैसी की प्रतिक्रिया उन बयानों के विरोध में थी, जिसमें कहा गया था कि अगर मुस्लिम नहीं चाहते कि होली के दौरान उन्हें कोई रंग लगाए, तो उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने 6 मार्च को सुझाव दिया था कि जो लोग रंगों से असहज हैं, उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए।



### सीएम योगी पर भी बोला हमला

सीओ अनुज चौधरी के बयान का यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी समर्थन किया था। ओवैसी ने कहा, 'कुछ लोग कहते हैं कि आपको नमाज़ नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर ही रहना चाहिए। उनका कहना है कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, नहीं तो घर के अंदर ही रहना चाहिए।' ओवैसी ने कहा, 'जो लोग पाकिस्तान चले गए, वे कायर थे। हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं। एक मुख्यमंत्री ने कहा कि जुमा की नमाज घर पर भी अदा की जा सकती है। वह कौन होते हैं हमें यह बताने वाले कि हम क्या कर सकते हैं और क्या नहीं?'

## 'सात दिन तक खाई जेल की रोटी, मुझे डंडों से पीटा गया', अमित शाह ने बताई असम में कांग्रेस शासन की कहानी



गोलाघाट (ए.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने असम के डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर खूब निशाने साधे। उन्होंने अपनी पुरानी यादें असम के लोगों के साथ सांझा की।शाह ने बताया कि असम में कांग्रेस सरकार के दौरान, उनके साथ मारपीट की गई और उन्होंने राज्य में सात दिनों तक जेल का खाना भी खाया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने असम में शांति नहीं रहने दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि असम में कांग्रेस सरकार ने मुझे भी पीटा है। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे और हम पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ नारे लगाते थे कि 'असम की गलियां सुनी हैं, इंदिरा गांधी खूनी है'। मैंने भी असम में सात दिनों तक जेल का खाना खाया था और पूरे देश से लोग असम को बचाने के लिए आए थे। आज असम विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

## अब सरकारी टेंडर्स में मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा चार फीसद आरक्षण, मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

बेंगलुरु (ए.)। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने ये जानकारी दी है। मंत्रिमंडल ने कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज (संशोधन) विधेयक को भी मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में करीब 90 लाख ग्रामीण संपत्तियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जिनके पास खाता नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल ने हेब्बल में कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को दो साल के लिए किराया-मुक्त आधार पर अंतर्राष्ट्रीय फूल नीलामी बैंगलोर (आईएफएबी) के लिए देने के प्रस्ताव पर चर्चा की।



भाजपा सांसद मनोज तिवारी नई दिल्ली में अपने आवास पर होली मिलन कार्यक्रम में पार्टी सांसद बांसुरी स्वराज के साथ।

## मुंबई में होली के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 1.79 करोड़ के 17,495 चालान जारी

मुंबई (ए.)। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने होली और होलिका दहन के मौके पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। 13 और 14 मार्च को दो दिनों तक चले इस अभियान में 17,495 चालान जारी किए गए। कुल वसूली 1 करोड़ 79 लाख 79 हजार 250 रुपए रही। त्योहार के दौरान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी की और नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरती। मुंबई पुलिस ने होली से पहले लोगों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे। चेतावनी दी गई थी कि नियमों का पालन न करने पर महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।




## बर्फबारी के बाद खिल उठा कश्मीर का गुलडांडा क्षेत्र, देहरादून में बारिश के बाद तापमान में गिरावट



नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों में गर्मी ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। जहां मैदानी इलाकों में सूरज की तपिश देखने को मिल रही है, वहीं पहाड़ी राज्यों में मौसम ने करवट ली। उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी ने मौसम के मिजाज को बदल दिया है। उत्तराखंड के देहरादून और आस-पास के क्षेत्रों में शुक्रवार देर रात हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले मौसम विभाग ने बारिश का पूर्वानुमान जताया था। वहीं, जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भदेरवाह में भी मौसम ने करवट ली है।मौसम विभाग द्वारा जताए गए पूर्वानुमान के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के भदेरवाह क्षेत्र में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बाद पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। खासकर गुलडांडा की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी के बाद, यह क्षेत्र देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।गुलडांडा करीब 10,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जो अब एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन चुका है। पर्यटक दिल्ली, हैदराबाद, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न हिस्सों से यहां बर्फबारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। गुलडांडा में ताजगी और बर्फबारी ने इस क्षेत्र के सर्दियों के नज़ारों को और भी खूबसूरत बना दिया है।डिप्टी कमिश्नर डोडा हरविंदर सिंह ने बताया, इस साल भदेरवाह में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। हम उन स्थानों को सड़क संपर्क से जोड़ने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो अभी तक पर्यटकों के लिए पहुंच योग्य नहीं थे, ताकि इन क्षेत्रों में भी पर्यटक आ सकें और भदेरवाह का पर्यटन अनुभव और भी समृद्ध हो सके। गुलडांडा के बर्फ से ढके नजारे और वहां की ठंडी हवा पर्यटकों को खास अनुभव प्रदान कर रही है। इस वजह से इस स्थान की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है।

## संभल में होली जुलूस के दौरान मस्जिद के गेट पर 'जय श्रीराम' लिखने से तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

संभल (ए.)। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के धुरैटा गांव में शुक्रवार को होली के जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई। हयातनगर थाना क्षेत्र के इस गांव में जब होली का जुलूस निकल रहा था, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने एक मस्जिद के गेट पर रंग से "जय श्रीराम" लिख दिया। गेट पर यह लिखावट देखने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया और देखते ही देखते तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए, जिससे माहौल और बिगड़ने की आशंका बढ़ गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में किया। पुलिस ने दोनों समुदायों के लोगों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# जनता के लिये पुलिस करती है सभी चुनौतियों का सामना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने महिला पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाकर दीं मंगलकामनाएं

## मुख्यमंत्री उज्जैन पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में हुए शामिल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुलिस सब प्रकार की चुनौतियों का सामना कर समाज को बेफिक्र होकर जीने का अनुकुल माहौल प्रदान करती है। पुलिस होली, दीपावली और अन्य त्यौहारों पर अपने घर से दूर रहकर अपनी संपूर्ण निष्ठा से समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करती है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों का समाज में विशेष सम्मान और महत्व है। बाबा महाकाल की नगरी में पुलिसकर्मियों के साथ होली खेलना हर्ष की बात है। पुलिस के लिए होली पर्व पर व्यवस्थाएं करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पुलिस की सेवा के कारण ही सभी नागरिक हर्षोल्लास और आनंद के साथ होली का पर्व मनाते हैं। पुलिस, समाज की सुरक्षा के लिए एक अहम कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन समारोह में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोविड के कठिन दौर में पुलिसकर्मियों द्वारा मैदान पर रहकर की गई सेवा देश के इतिहास में कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमें पुलिस पर गर्व हैं। पुलिसकर्मियों के स्वयं के मकान के लिए शासन ने प्रक्रिया आसान की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की एक विशेष पहचान बन रही है। प्रदेश ने इस बार अब तक का सबसे बड़ा 4 लाख 21 हजार करोड़ रूपये का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है। पुलिसकर्मियों के लिए बजट में नए वाहनों की स्वीकृति, थानों के नवीन भवन, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में समाज विरोधी ताकतों से सामना करने के लिए पर्याप्त सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।



**सरकार द्वारा शीघ्र पुलिस विभाग में 8500 से अधिक नवीन भर्तियां की जाएंगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी विभागों में निरंतर भर्तियां निकाल कर पदपूर्ति करने जा रहे हैं। सरकार ने प्रत्येक जिले में पुलिस बैंड की पुनः स्थापना की। इसके लिए नवीन पदों का सृजन भी किया है। पुलिस बैंड, पुलिस का गौरव है जो अपनी प्रस्तुति से 26 जनवरी और 15 अगस्त के कार्यक्रमों को गरिमा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने 6600 से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही 8500 से अधिक पुलिस कॉन्स्टेबल और सब-इंस्पेक्टर की नवीन भर्तियां भी शीघ्र निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिसकर्मियों के साथ फूलों की होली खेली। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस में सेवारत महिला अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें मिठाई खिलाकर होली की मंगलकामनाएं दीं। सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेडा, संभाग आयुक्त संजय गुप्ता, एडीजीपी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, एडीशनल एसपी गुरू पाराशर, नीतेश भार्गव, जनप्रतिनिधि संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी और पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## होली खेलकर आये इंजीनियर ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल(ए)। राजधानी के उपनगर बैरागढ़ थाना इलाके के सीटीओ बैरागढ़ में रहने वाले एक युवक ने होली की रात अपेन घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल सुसाइड के कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। मूल रुप से मूल रूप से राजगढ़ के भीलवाढिया का रहने वाला 24 वर्षीय ईश्वर मालवीय पिता विक्रम सिंह मालवीय बीते तीन सालो से परिवार सहित सीटीओ बैरागढ में रह रहा था। बताया गया है, की निजी टेलिकॉम कंपनी में इंजीनियर की नौकरी करने वाले ईश्वर की शादी एक साल पहले रुकमा से हुई थी।

## ड्राय डे के दिन मजदूर बेच रहे थे शराब, दोनो गिरफ्तार, लाखो की शराब जप्त

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल की क्राइम ब्रांच टीम ने एमपी नगर थाना इलाके में होली के डिन ड्राय डे होने पर दो स्थानों पर दबिश देते हुए लाखो की शराब जप्त की है। मामले में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है, जो शराब की दुकाने बंद होने के चलते मंहगी कीमत में शराब खपाने की फिराक मे थे। एडीसपी शेलेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया की मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मानसरोवर काम्पलेक्स के बगल में चोरी छिपे देसी, अंग्रेजी शराब बेच रहा है। खबर मिलने पर पहुंची टीम ने मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी करते हुए आरोपी शुभम भोपरे पिता रामू भोपरे (28) निवासी सरगम टॉकीज के सामने शांति नगर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से उसके पास काफी शराब की बोतल बरामद की गई। आगे की पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसने अपने कमरे पर शराब का स्टॉक कर रखा हुआ है। उसकी निशानदेही पर कमरे से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह शराब सतीश राउत की है, और वह उसके कहने पर कमिशन पर शराब बेचने का काम करता है। इस शराब को होली के दिन बेचने के लिए जमा कर रखा गया था। टीम ने दूसरी कार्रवाई शांति नगर आंगनबाडी के पास करते हुए यहॉ से आरोपी सचिन पासी पिता रामकुमार पासी (33) निवासी शांती नगर जैन मंदिर के पीछे, एमपी नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मेहनत-मजदूरी का काम करता है। ड्राय डे होने पर वह सडक किनारे शराब बेच रहा था। उसकी निशानदेही पर पास में स्थित टीन शेड में छिपा कर रखी 35 लीटर से अधिक शराब बरामद की गई। दोनो कार्यवाही में टीम ने करीब चार लाख कीमत की 385 लीटर अवैध शराब जब्त की है। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गये है। दोनों ही आरोपी सतीश राउत के कहने पर शराब तस्करी करते थे।

## भोपाल रेल मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को मिला ग्रीन सर्टिफिकेशन




भोपाल(निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों को ग्रीन सर्टिफिकेशन मिला है। यह आइएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (इएमएस) प्रमाणपत्र यात्रियों को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए दिया है। यह प्रमाणपत्र पर्यावरणीय गुणवत्ता, स्वच्छता, जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के बेहतर प्रबंधन के लिए दिया जाता है।यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले रेलवे स्टेशनों में भोपाल, बीना, इटारसी, गंजबासौदा, गुना, नर्मदापुरम, सांची, शिवपुरी और विदिशा हैं। इस प्रमाणन के तहत रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा निपटान, पुनर्चक्रण, ऊर्जा बचत और सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मंडल के इन रेलवे स्टेशनों पर उच्च स्वच्छता मानकों को अपनाया गया है। कचरे का व्यवस्थित निपटान, पुनर्चक्रण की सुविधाएं और जल संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए गए हैं।ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्टेशनों पर बिजली की खपत कम हो रही है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

## लॉज में रहने वाले 68 वर्षीय वृद्ध ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

भोपाल(ए)। पुराने शहर के कोतवाली थाना इलाके में स्थित एक लॉज में रहने वाले 68 साल के वृद्ध ने सल्फास की गोलियां खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के परिवार वालों का आरोप है, वृद्ध चाय की दुकान लगाते थे, बीते समय से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर उनकी चाय की दुकान को हटाने की लगातार सूचना मिल रही थी, इस बात को लेकर वह काफी तनाव में रह रहे थे। जानकारी के अनुसार मृतक चिमनदास कुरील (68) पुत्र मांगीलाल कुरील अलंकार लॉज में रहते हुए विद्यासागर प्याऊ के पास चाय की गुमटी संचालित करते थे। परिवार वालो का कहना है की चिमनदास बीते कुछ दिनों से काफी तनाव में रह रहे थे। उन्हें बार-बार उनकी दुकान हटाने की सूचनाएँ मिल रही थी। गुरुवार को भी किसी ने उन्हें बताया कि शुक्रवार को होली के दिन उनकी दुकान हटा दी जाएगी। इससे मानसिक रूप से वह काफी परेशान हो गए और तनाव में आकर उन्होंने सल्फास खा लिया। जानकारी लगने पर लॉज कर्मचारियों ने उन्हें नाजुक हालत में इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान उनकी हालत लगातार नाजूक होती गई, आखिरकार शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

## राजधानी सहित पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ होली पर्व मनाया गया





भोपाल (संदीप पंडा)। राजधानी भोपाल सहित पूरे देश में होली का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली की पावन बेला शाम के समय नीलबड़ स्थित शिव विहार कलोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां कॉलोनी के समस्त निवासी जिसमें महिला, पुरुष, बच्चों सहित सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और डीजे की धुन पर जमकर थिरके जो देर रात्रि तक चलता रहा। सुबह से ही होली का रंग राजधानी सहित पूरे देश में चढ़ने लगा था। तो वहीं मुस्लिम समुदाय का पाक माह रमजान होने एवं शुक्रवार को होली का पर्व होने से प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किए गए थे जिससे शहर का सौहार्द न खराब हो सके। भोपाल के कई क्षेत्र से सूचना प्राप्त हुई है इस बार होली के जश्न में मुस्लिम भाइयों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और भोपाल की गंगा जमुनी तहज़ीब का एक उदाहरण प्रस्तुत किया।

### शिव विहार कॉलोनी में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ

## मध्य प्रदेश में अभी से लू जैसे हालात, खजुराहो में तापमान 39.6 डिग्री पहुंचा



भोपाल (निप्र)। लगातार चल रही गर्म हवाओं के चलते मध्य प्रदेश में अभी से लू जैसे हालात बनने लगे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सबसे अधिक 39.6 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। जो सामान्य से 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। उधर गुरुवार को रात का सबसे कम 14.7 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 14.1 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी अफगानिस्तान और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं का रुख पश्चिमी बना हुआ है। प्रदेश के आसपास के राज्यों में तापमान बढ़े हुए हैं। इस वजह से वहां से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि अरब सागर में एक प्रति चक्रवात बन गया है। इस वजह से शुक्रवार से हवाओं के साथ नमी आने से तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होने की भी संभावना है। साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग में बादल भी छा सकते हैं। 16 मार्च को एक नए पश्चिमी विक्षोभ के भी आने के संकेत मिले हैं।

## ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक और नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें : कृषि मंत्री श्री कंषाना

भोपाल (निप्र)। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने किसानों से अपील की है कि वे ग्रीष्मकालीन मूंग फसल में कीटनाशक एवं नीदानाशक का उपयोग कम से कम करें। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि मूंग फसल में अत्यधिक रासायनिक दवाओं का दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण पर सामने आया है। ऐसे में वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों की ओर से कई तरह की बीमारियां जन्म लेने की आशंका व्यक्त की गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान भाई मूंग फसल की पैदावार के लिए ऐसा चक्र अपनाएं, जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग प्राकृतिक रूप से अपने समय पर पक सके। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग पर कहा कि यद्यपि मूंग की पैदावार से प्रदेश में किसानों की आय में वृद्धि हुई है। किसान इसे जल्दी पकाने के लिए कई बार नीदानाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का छिड़काव करते हैं। इस दवा के अंश मूंग फसल में कई दिनों तक विद्यमान रहते हैं, जो मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने बताया कि कृषि एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पर्यावरणविद् और कृषि सुधार के क्षेत्र में कार्य कर रहे संगठनों ने अनुसंधान रिपोर्ट के आधार पर मूंग फसल में आवश्यकतानुसार ही कीटनाशकों के उपयोग का सुझाव दिया है। राज्य सरकार जैविक खेती को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है एवं किसानों को जैविक खेती के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

भोपाल(ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि असीम दु:ख की इस घड़ी में वे केंद्रीय मंत्री श्री यादव और उनके परिवार के साथ हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रार्थना की है कि वे परिजन को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## लाखों की रिश्वत मामले में आरोपी टीआई जितेंद्र गढ़वाल की अग्रिम जमानत खारिज

**- कॉल सेंटर पकड़ाने के बाद आरोपियो को बचाने पुलिस कर्मियो ने रचा था खेल**



निलंबित टीआइ जितेंद्र गढ़वाल



निलंबित एएसआइ पवन रघुवंशी

भोपाल(ए)। राजधानी के ऐशबाग थाना इलाके में पकड़े गये ठगी के कॉलसेंटर के आरोपियो को बचाने के लिये ली गई लाखो की रिश्वत के मामले में आरोपी बनाये गये फरार सस्पेंड टीआई जितेंद्र गढ़वाल को कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। हालांकि मामले में चारो पुलिस कर्मियो सहित टीआई गढवाल को पुलिस कमिश्रनर ने पहले ही संस्पेंड कर दिया था। जिसके बाद सभी पुलिस कर्मियो सहित टीआई भी फरार हैं। उनकी ओर से प्रताप मिश्रा की कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई गई थी। अदालत ने टीआई पर दर्ज प्रकरण को काफी गंभीर माना और जमानत का लाभ देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका निरस्त कर दी। निचली अदालत से जमानत निरस्त होने पर अब फरार टीआई राहत पाने के लिये हाईकोर्ट मे दस्तक दे सकते है। वहीं पुलिस की तीन टीमें आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश कर रही हैं। गौरतलब है की इस मामले में टीकमगढ के पार्षद अंशुल उर्फ मोना जैन, बीजेपी नेता मोइन खॉन भी फरार हैं। जिनकी धरपकड़ के लिये पुलिस टीमे टीकमगढ़ मे भी दबिश दे चुकी है, लेकिन वह भी हत्थे नहीं चढ़ सके। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो भोपाल के ऐशबाग थाना इलाके में ठगी के एक कॉल सेंटर का भांडाफोड़ हुआ था। इस मामले के आरोपियों में से एक आरोपी मोइन खॉन को बचाने के ऐवज में एएसआई पवन रघुंवशी ने उससे 25 लाख रुपए में डील की थी। उसी डील की पहली किस्त के रूप में एएसआई 5 लाख रुपए ले रहा था। जोन-1 की एडिशनल डीसीपी रश्मि दुबे और एसीपी सुरभी मीणा सहित क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना मिलने पर निलंबित एएसआई पवन रघुवंशी को पांच लाख की रिश्वत की रकम के साथ पकडा था। रिश्वत की रकम पवन टीआई जितेंद्र गढवाल के कहने पर ले रहा था, हालांकि पवन बाद में चकमा देकर फरार हो गया था। रिश्वत कांड के इस मामले में टीआई जितेंद्र गढ़वाल के साथ ही पवन रघुवंशी, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र, प्रधान आरक्षक मनोज और टीकमगढ़ से रिश्वत देने वाले अंशुल उर्फ मोना जैन को भी आरोपी बनाते हुए सभी के खिलाफ खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में कार्रवाई में लापरवाही को लेकर पुलिस ने ऐशबाग थाना टीआई जितेंद्र गढ़वाल सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया था। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा के निर्देश पर चारों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है।

## 12वीं कक्षा की छात्रा ने होली खेलने के बाद घर जाकर लगा ली फांसी

भोपाल(ए)। नये शहर के कोलार थाना इलाके में बाहरवीं कक्षा की स्कूली छात्रा द्वारा होली खेलने के बाद घर जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सके। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गेहुंखेड़ा कोलार रोड स्थित भगवान स्टेट में रहने वाले प्रफुल्ल रावत निजी काम करते है। उनकी 17 साल की बेटी अंजलि रावत बारहवीं कक्षा की छात्रा थी। इन दिनों उसकी परीक्षा चल रही थी। होली के दिन उसने घर के बाहर जाकर अपनी सहेलियों के साथ होली खेली थी। रंग खेलने के बाद वह वापस घर लौट आई। इस दौरान उसके माता-पिता और भाई भी आसपास के लोगो के साथ घर के बाहर त्यौहार की बधाई देते हुए मिलजूल रहे थे। इधर घर आकर अंजलि ने ने नहाया और अपने कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद जब परिवार वाले होली खेलकर घर वापस घर आए तो उन्होंने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद मिला। परिजनों ने उसे काफी आवाजे देते हुए दरवाजा खटखटाया लेकिन न तो अंजलि ने भीतर से कोई जवाब दिया और न ही दरवाजा खोला। घबराये परिजनो ने पुलिस को सूचना दी। खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने जैसै-तैसै दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखने पर अंजलि का शव फंदे पर लटका हुआ नजर आया। उसे तुरंत ही फंदे से उतारकर इलाज के लिये नजदीक के निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। जॉच टीम को घटनास्थल की छानबीन के दौरान सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि परिवार वालो के बयान दर्ज करने के साथ ही अन्य बिंदुओ की जॉच की जा रही है, जिसके बाद ही खुदकुशी की वजह साफ हो सकेगी। पुलिस इन दिनो छात्रा की परीक्षॉए चलने के कारण पढ़ाई को लेकर उसके डिप्रेशन में आने के बिंदु पर भी जॉच कर रही है।

## होली के दूसरे दिन भोपाल पुलिस ने जमकर मनाई होली

**होली मिलन समारोह में आला अधिकारियो ने सैकड़ो पुलिस जवानों के साथ उड़ाया रंग-गुलाल**



भोपाल(ए)। रंगोत्सव के पर्व होली के अवसर पर हर साल की तरह इस साल भी भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा होली मिलन समारोह नेहरु नगर पुलिस लाईन में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र और विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडिया कर्मियो को गुलाल लगाकर होली खेली। उन्होनें सभी पुलिस परिवारो और शहरवासियों को भी हॉली की बधाई देते हुए गन और सिलेंडर से गुलाल उडाकर एवं फूल बरसाकर खुशी जताई। होली मिलन समारोह में मौजूद पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी, पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधी सक्सेना, रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर व अन्य अधिकारियों ने भी गुलाल लगाकर सभी स्टॉफ को बधाई। समारोह में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा डीजे की धुन एंव होली व फिल्मी गानों पर जमकर डांस करते हुए मौज-मस्ती की गई। साथ ही वाटर केनन से पानी की बौछार की गई इस दौरान भी सभी ने भीगते हुए डांस कर होली मिलन समारोह का भरपूर आनंद लिया। समारोह में लगभग 500 पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया साथी मौजूद रहे।

# होली पर दहकते अंगारों से निकलते हैं श्रद्धालु, अब भी निभाई जा रही 150 साल पुरानी परंपरा

उज्जैन (ए.)। होली का त्योहार मान्यताओं और परंपराओं का समागम है। देश के अलग-अलग हिस्सों में होली हर्षोल्लास के साथ मनाई जाती है। कहीं, फूलों से होली खेली जाती है, तो कहीं लोग एक-दूसरे पर लट्ठ बरसाते हुए होली खेलते हैं। लेकिन, उज्जैन जिले के गोयला बुजुर्ग सहित उन्हेल और बिछड़ोद तीन गांवों में होली के दिन अंगारों पर चलने की परंपरा है। यह परंपरा इन गांवों में 150 वर्षों से चली आ रही है, जो आज के आधुनिक युग में भी जारी है।

होलिका दहन के बाद घट्टिया तहसील के गोयला बुजुर्ग के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से आग पर से गुजरते आ रहे हैं। यहां प्रत्येक वर्ष होलिका दहन के बाद रात



में ग्रामीण धधकते हुए अंगारों के बीच से नंगे पैर गुजरते हैं। गांव के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बेधड़क होकर अंगारों पर चलते हैं। वहीं, ग्राम बिछड़ोद में भी 150 वर्षों से लोग जलते अंगारों पर से गुजरते आ रहे हैं। लेकिन, आश्चर्य की बात यह है कि अंगारों के बीच से गुजरने के बाद भी किसी भी व्यक्ति या बच्चे के पैर नहीं जलते और न ही किसी ग्रामीण को जलन होती है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जलते हुए अंगारों पर ऐसे चलते हैं मानो जैसे फूलों पर चल रहे हों। ग्रामीण बिना किसी हिचक के इस आस्था में भाग लेते हैं। इससे पहले यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से होलिका दहन किया जाता है।

## खटखरी बाजार में फिर लगी भीषण आग, दुकानें जलने से करोड़ों का नुकसान, व्यापारियों में आक्रोश



सीधी (ए.)। मऊगंज जिले के खटखरी चौकी क्षेत्र स्थित खटखरी बाजार में एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार भीषण आग लग गई। देर रात हुई इस घटना में चार बड़ी दुकानें जलकर खाक हो गईं, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है, लेकिन लगातार हो रही आगजनी से स्थानीय व्यापारी और रहवासी चिंतित हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही खटखरी चौकी पुलिस और दमकल दल मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराना और ऑटोमोबाइल जैसी कई अहम दुकानें पूरी तरह जल चुकी थीं। राहत की बात यह रही कि घटना देर रात हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई है।

## दो दोस्तों ने युवक की नाक काटी, होली की शराब पार्टी में विवाद, घायल रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर

पन्ना (ए.)। पन्ना जिले में एक युवक की नाक काटने का मामला सामने आया है। घटना होली के त्योहार के दौरान ग्राम सरकोहा गांव की है। जहां शराब के नशे में धुत दो युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी नाक काट दी।

घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक होने की वजह से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया गया है। वहीं, घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

बताया जा रहा है कि गांव में ही 35 वर्षीय गोविंद कुशवाहा दो युवकों ठाकुरदीन एवं सुरेंद्र के साथ शराब पी रहा था, जिसके चलते तीनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों ने धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर दिया और पीड़ित की नाक बुरी तरह से काट दी।

किसी तरह आसपास के लोगों ने मामले को शांत करवाया और पीड़ित को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर होने की वजह से उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर किया गया है।

## मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या, परिजनों ने किया चक्काजाम



अनूपपुर (ए.)। होली त्योहार के अवसर पर मामूली विवाद को लेकर बीच-बचाव करने वाले 30 वर्षीय विक्की केवट की डंडे से पीटकर हत्या कर दिया गया। मामले में परिजनों ने अनूपपुर कोतमा सड़क को आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया।

घटना के बारे में बताया जाता है कि 14 मार्च होली के धूलंडी रंग पर्व के पावन अवसर पर शाम पांच बजे केशवाही तिराहा बंजारा होटल के पास गणेश पाण्डेय पान दुकानदार से बुरहानपुर निवासी अमृतलाल प्रजापति ने पान की मांग की। दुकानदार ने पान देने से मना कर दिया, जिस पर दोनों में बहस हो गई। अमृतलाल लौटकर वापस चला गया। कुछ ही देर के बाद तीन मोटर साइकिल पर छह लोग सवार होकर आए और गणेश पांडे से मारपीट करने लगे। तभी वहीं पर खड़े विक्की केवट उम्र 30 वर्ष निवासी नगर पालिका कोतमा के वार्ड क्रमांक 6 के द्वारा बीच बचाव किया गया। जहां अमृतलाल सहित छह अन्य लोग लकड़ी के डंडे से मारपीट किया, जिससे गणेश पांडे एवं विक्की केवट को सिर पर गंभीर चोट आई। मौके पर लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा ले जाया गया।

## बाइक और स्कूटी में टक्कर, इलाज के दौरान दो लोगों की मौत, अन्य दो का इलाज जारी

सागर (ए.)। सागर जिले के जैसीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात आठ बजे पनारी गांव के पास बाइक और एक्टिवा स्कूटी में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी की बाइक और स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक और स्कूटी सवार चार घायल हो गए थे। घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

## सिगरेट नहीं देने वाले दुकानदार के साथ मारपीट करने वाले युवक का निकला जुलूस, 12 घंटे में गिरफ्तार

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी की कोतवाली क्षेत्र पुराने बस स्टैंड पर एक दुकान संचालक से कार में बैठे-बैठे सिगरेट की डिमांड करने वाले आरोपी युवक के द्वारा दुकानदार के साथ मारपीट किए जाने के बाद संबंधित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दुकानदार संग मारपीट करने वाले युवक पर मामला दर्ज किया है।

मारपीट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आरोपी ने दुकानदार से कार में बैठे-बैठे सिगरेट की डिमांड की थी। सिगरेट नहीं देने पर नाराज हुए युवक ने कार से उतरकर दुकान संचालक की मारपीट कर दी। शहर के मुख्य मार्केट में गुंडागर्दी का यह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की। युवक कुश उर्फ विकाश पुत्र आनंद कुमार तिवारी उम्र 31 साल



निवासी टीव्ही टावर शिवपुरी थाना फिजीकल शिवपुरी को ग्राम धौलागढ़ थाना सुभाषपुरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर किया। इसके बाद इसका जुलूस भी निकाल दिया।

**कार में बैठे-बैठे मांगी थी सिगरेट**

बताया गया है कि बाबा पान पैलेस के संचालक हिमांशु चौरसिया पुत्र बबलू चौरसिया से कार में बैठे दो युवकों ने सिगरेट मांगी। इस पर दुकान संचालक ने कहा कि उतरकर नीचे आ जाओ। मैं अभी काम में लगा हुआ हूं। इतनी बात दोनों युवकों को गंवारा नहीं हुआ और उन्होंने दुकान संचालक और उसके बेटे की पिटाई लगा दी थी। इस पिटाई के बाद दुकान संचालक और उसके बेटे को चोट आई थी। प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र शहर के मुख्य स्थानों में से एक है।

**सीसीटीवी में कैद हुआ था मामला**

इस मामले में बाबा पान पैलेस के संचालक बबलू और उनके बेटे हिमांशु को चोट आई। दुकान पर हुई इस मारपीट की वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है थी। दुकान संचालक ने इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर आरोपीगण कुश तिवारी और आकाश नगेले पर मामला दर्ज किया गया।

## शौच के लिए जंगल गई किशोरी का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला, मौके पर पहुंची पुलिस

शहडोल (ए.)। शहडोल जिले में खैरहा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शौच के लिए किशोरी घर के पीछे स्थित जंगल गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी, तब जाकर परिजनों ने उसकी तलाश की तो किशोरी का शव जंगल में एक पेड़ पर लटकता हुआ मिला। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। फांसी लगाने का कारण अभी अज्ञात है।

जानकारी के अनुसार, खैरहा



थाना क्षेत्र के बरतरा गांव के बरतरी टोला की रहने वाली किशोरी श्याम बाई बैगा पिता रोधे बैगा (15) की फांसी लगाने से मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि किशोरी घर के पीछे स्थित जंगल में शौच के लिए गई थी। लेकीन काफ़ी देर तक वह लौटकर घर नहीं पहुंची, तब परिजन चिंतित हो गए और किशोरी की तलाश करने लगे। घर से महज 100 मीटर की दूरी पर एक पेड़ में फांसी के फंदे में किशोरी का शव लटकता मिला, जिसे देख परिजन हैरान हो गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी लगने के बाद थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि एक पेड़ में फांसी में लटकता किशोरी का शव मिला है।

# व्यापार समाचार

## सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल, नए रिकॉर्ड बनाए



**- एमसीएक्स पर सोना 88,310 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर, चांदी भी उछली**

मुंबई (ए.)। सोने और चांदी की कीमतें में तेज़ी बनी हुई है, जो निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। एमसीएक्स पर सोना 88,310 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 3,004.90 डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गया। इसी तेजी के साथ चांदी भी उछलकर एमसीएक्स पर 1,01,999 रुपए प्रति किलो के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपए की तेजी के साथ 89,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंची। स्थानीय कारोबारियों ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,850 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपए बढ़कर 89,050 रुपए प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर फिर से जा पहुंचा।

## इण्डसइंड बैंक के पास पर्याप्त पूंजी, जमाकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं, RBI का बयान

नई दिल्ली (ए.)। इंडसइंड बैंक में चल रहे संकट के बीच देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक बयान जारी किया है। इस बयान में रिजर्व बैंक ने कहा है कि इंडसइंड बैंक वित्तीय रूप से स्थिर है और बैंक के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी है, इसलिए जमाकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

**रिजर्व बैंक ने जमाकर्ताओं को किया आश्वस्त**

रिजर्व बैंक के बयान में बताया गया कि बैंक के वित्तीय नतीजों की ऑडिटर द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें पता चला है कि 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुई तिमाही में बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और इसका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.46 प्रतिशत है, वहीं प्रावधान कवरेज अनुपात 70.20 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक के अनुसार, इंडसइंड बैंक का 9 मार्च 2025 तक लिक्विडिटी कवरेज अनुपात 113 प्रतिशत है, जबकि विनियामक नियमों के तहत ये 100 प्रतिशत होना चाहिए।

**सुधारात्मक कदम उठाने के दिए निर्देश**

रिजर्व बैंक ने शनिवार को इंडसइंड बैंक के बोर्ड से भी कहा कि वे चालू तिमाही के दौरान बैंक द्वारा



घोषित 2,100 करोड़ रुपये की भारी-भरकम अकाउंटिंग विसंगति के खुलासे के बीच सुधारात्मक कार्रवाई पूरी करे। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में, इंडसइंड बैंक ने अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खुलासा किया था, जिससे बैंक की नेटवर्थ पर 2.35 प्रतिशत का अनुमानित प्रभाव पड़ा था। इस खुलासे के तुरंत बाद, बैंक के शेयरों में भी भारी गिरावट देखी गई।

## सप्ताह भर दबाव में रहे घरेलू शेयर बाजार

**- सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 73,828 पर बंद, निफ्टी 73 अंक टूटकर 22,397 पर बंद**



मुंबई (ए.)। ट्रेड पालिसी में बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी की आशंकाओं के बीच कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। हालांकि औदयोगिक उत्पादन और खुदरा महंगाई के अच्छे घरेलू आंकड़ों ने कुछ राहत प्रदान की। हालांकि इस सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ क्योंकि शुक्रवार को होली के त्योहार के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरुआती कारोबार में मजबूती के बाद बाजार हरे निशान से लाल निशान पर पहुंच गया। दिन के ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स में 650 अंकों की गिरावट दर्ज की गई।

## इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ब्रांड बजाज गोगो के 3 वेरिएंट्स पेश



नई दिल्ली (ए.)। स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने नए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर ब्रांड बजाज गोगो के 3 वेरिएंट्स पी5009, पी5012 और पी7012 में लॉन्च किए है। कंपनी आने वाले महीनों में गोगो के कार्गो वेरिएंट भी लॉन्च करेगी। इसमें 'पी' पैसेंजर व्हीकल को दर्शाता है, जबकि '50' और '70' मॉडल के साइज को और '09' और '12' बैटरी कैपेसिटी (9 केडब्ल्यूएच और 12 केडब्ल्यूएच) को दर्शाते हैं। बजाज गोगो पी5009 की कीमत 3,26,797 रुपये और पी7012 की कीमत 3,83,004 रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। ये सभी बजाज ऑटो डीलरशिप्स पर बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। ग्राहक 3,200 रुपये अतिरिक्त खर्च करके टेकपेक फीचर्स (हिल होल्ड असिस्ट, एंटी-थेफ्ट अलर्ट और पार्क असिस्ट) का लाभ ले सकते हैं। वहीं, पी7012 वेरिएंट 24,999 रुपये की डाउन पेमेंट पर भी खरीदा जा सकता है। गोगो सीरीज को बेहतरीन रेंज, बेहतर परफॉर्मेंस और अडवांस सेफ्टी फीचर्स के साथ पेश किया गया है। पी 5009 की रेंज 171 किमी और पी5012 की रेंज 251 किमी तक है।इसके अन्य फीचर्स में फ्रंट और रियर ड्रम ब्रेक, टेलीस्कोपिक फोर्क, हेलिकल कॉइल स्प्रिंग, डिजिटल एलसीडी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, डुअल-टोन अपहोल्स्ट्री, ग्लव बॉक्स, मोबाइल चार्जर और टेलीमैटिक्स इंटीग्रेशन शामिल हैं।

## फाक्सवैगन की आईडी.एव्हरी 1 इलेक्ट्रिक कार होगी लांच

नई दिल्ली (ए.)। लग्जरी कार निर्माता कंपनी फाक्सवैगन आईडी. एव्हरी 1 नामक नई इलेक्ट्रिक कार लाने की तैयारी में है। फाक्सवैगन ने हाल ही में इसका कॉन्सेप्ट वर्जन पेश किया था, और इसे 2027 तक बाजार में उतारने की योजना बनाई गई है। इसे कंपनी की अब तक की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार माना जा रहा है।



अनुमान के मुताबिक, इसकी शुरुआती कीमत लगभग 20,000 यूरो (लगभग 18.95 लाख रुपये) होगी, जिससे यह इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एक बड़ा बदलाव ला सकती है। हालांकि कंपनी ने इसकी आधिकारिक कीमत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसकी कीमत 25,000 यूरो (लगभग 23.69 लाख रुपये) से कम होगी।

# बजट में किसानों को मिली बड़ी सौगात, 102 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज से बढ़ेगा धान का उत्पादन

चेन्नई (ए.)। तमिलनाडु सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए बड़े एलान किए हैं। कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम ने शनिवार को विधानसभा में कहा कि सरकार 29 गैर-डेल्टा जिलों में कर, कुरुवई और सोरनवारी मौसम के दौरान धान के रकबे और खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाने के लिए 102 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज लागू करेगी। इसके अलावा खेती की नई तकनीक सीखने के लिए 100 प्रगतिशील किसानों को चीन, जापान और वियतनाम की यात्रा कराई जाएगी।

विधानसभा में 2025-26 के लिए कृषि बजट पेश करते हुए कृषि मंत्री पन्नीरसेल्वम ने कहा कि विशेष पैकेज के तहत किसानों को मशीन से बुवाई और गुणवत्ता प्रमाणित बीजों के लिए सब्सिडी दी जाएगी। कुरुवई के दौरान रकबा और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए डेल्टा जिलों के किसानों को भी पैकेज दिया जाएगा। इसके लिए 58 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर यात्रा की व्यवस्था करेगी। ताकि उन्हें धान का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाने में मदद मिल सके। मंत्री ने कहा कि किसानों को नई तकनीक सीखने और अपने खेतों




में लागू करने में मदद करने के लिए, 100 प्रगतिशील किसानों को जापान, चीन और वियतनाम की एक्सपोजर यात्रा पर ले जाया जाएगा। इसके लिए दो करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इसके अलावा सरकार चंदन, लाल चंदन, महोगनी और शीशम जैसे मूल्यवान पेड़ों की खेती को बढ़ावा देने और पंजीकरण, कटाई, परिवहन और लकड़ी के विपणन से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने, हरित तमिलनाडु प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु कृषि वानिकी नीति को शुरू करेगी। कृषि मंत्री ने कहा कह पेड़ बारिश में सहायता करके फसल उत्पादकता बढ़ाते हैं और बायोमास बहाकर मिट्टी की सेहत को अच्छा करते हैं। इसलिए उच्च मूल्य वाले पेड़ों की खेती के माध्यम से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने के लिए कृषि वानिकी को प्रोत्साहित किया जाता है।

**एक हजार किसान सेवा केंद्रों की होगी स्थापना**

उन्होंने एलान किया कि 10-20 लाख रुपये के बीच अनुमानित लागत पर 1,000 मुख्यमंत्री किसान सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसमें 30 प्रतिशत सब्सिडी होगी जो प्रति केंद्र 3-6 लाख रुपये होगी। इस योजना के लिए राज्य बजट से 42 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की जाएगी। ये केंद्र कृषि सहायता के लिए काम करेंगे, जो बीज, उर्वरक और अन्य कृषि आवश्यकताओं जैसे आवश्यक इनपुट प्रदान करेंगे। इसके अलावा फसल उत्पादकता बढ़ाने, कीट और रोग प्रबंधन, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और मूल्य-संवर्धन तकनीकों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान देंगे। उन्होंने कहा कि कृषि स्नातकों और डिप्लोमा धारकों की विशेषज्ञता का लाभ किसानों के कल्याण और कृषि विकास के लिए उठाया जाएगा।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## भारत के सामने नई चुनौतियां

हले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर डब्लूटीओ के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मगर अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। भारत सरकार के सामने नई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए फिर से भारत का नाम उन देशों के साथ लिया, जिनके बारे में उनकी राय है कि इन देशों ने अपनी ऊंची शुल्क दर से अमेरिका की नरम नीति का फायदा उठाया है। इन देशों पर उन्होंने अगले दो अप्रैल से जैसे को तैसा' टैक्स लगाने का एलान किया- यानी जो देश जिस दर से अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाता है, अब उसके उत्पादों पर उतना ही शुल्क अमेरिका में लगेगा। चूंकि ट्रंप किसी वर्तमान अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नहीं मानते, तो वे यह नहीं बताते कि उन देशों को पुराने अमेरिकी प्रशासनों ने क्यों ऊंची दर से शुल्क लगाने दिया था। हैरतअंगेज है कि भारत सरकार या विपक्ष ने भी अपनी जनता को इस बारे में जागरूक करने का प्रयास नहीं किया है। पहले व्यापार एवं शुल्क के बारे में सामान्य समझौते (गैट) और फिर विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) के गठन के लिए हुए समझौते में विकासशील देशों को अधिक शुल्क लगाने की अनुमति दी गई थी। मकसद न्यायपूर्ण विश्व व्यवस्था बनाना था। मगर ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही डब्लूटीओ में न्यायाधीशों की नियुक्ति रोक कर इस संगठन को निष्क्रिय कर दिया। अब वे मनमाने ढंग से टैरिफ लगा रहे हैं। इससे भारत में फैली घबराहट का अंदाजा इसी से लगता है कि भारत के दवा निर्यातकों ने सरकार से अमेरिकी दवाओं पर आयात शुल्क कर देने की मांग की है, ताकि जैसे को तैसा' टैरिफ के असर से वे बच जाएं। मगर यह फैसला आसान नहीं है।नई अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न उत्पाद प्रभावित होंगे, तो क्या सब पर आयात शुल्क शून्य किया जा सकता है? क्या केंद्र देश के व्यापार लाभ को शून्य करने का जोखिम उठाने की स्थिति में है? वैसे चुनौतियां और भी हैं। मसलन, अमेरिकी तकनीकी एवं वित्तीय सेवा कंपनियों ने भारत डिजिटल डेटा संरक्षण अधिनियम के नियमों के तहत डेटा को भारत में ही रखने संबंधी प्रावधान को लागू ना करने की मांग की है।

# महिलाओं के नेतृत्व में विकास

**ज्योति विज**

पिछले दशक में भारत की विकास गाथा में एक उल्लेखनीय बदलाव आया है और इस यात्रा का सबसे उत्साहवर्धक पहलू यह है कि इस देश की विकास गाथा में महिलाओं की भूमिका में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज हम गर्व से यह कह सकते हैं कि भारत के विकास के एजेंडे के केन्द्र में 'नारी शक्ति' है। भारत महिलाओं को न केवल जमीनी स्तर पर सशक्त बना रहा है, बल्कि विकसित भारत के निर्माता के रूप में उनके नेतृत्व का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

महिलाओं को विकास के लाभार्थी के रूप में देखने से लेकर उन्हें परिवर्तन के वाहक के तौर पर पहचानने की दिशा में आया बदलाव, सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों द्वारा समर्थित है। जीवन की निरंतरता से संबंधित दृष्टिकोण के तहत तैयार की गई ये नीतियां महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और यह सुनिश्चित कर रही हैं कि उन्हें बचपन से लेकर शिक्षा, सम्मानजनक जीवन, मातृत्व, वित्तीय आजादी एवं आर्थिक एकीकरण के मामले में सहायता हासिल हो।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसी शैक्षिक एवं पोषण संबंधी सहायता योजनाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक असमानताओं को पाटने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन पहलों ने न केवल जन्म के समय लिंग अनुपात को बेहतर बनाने में मदद की है, बल्कि लैंगिक रूप से अपेक्षाकृत अधिक संतुलित समाज के निर्माण का आधार भी तैयार किया है।

इसके अलावा, आंगनवाड़ी प्रणाली और पोषण अभियान जैसी पहलों ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। ये कार्यक्रम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि महिलाओं तथा युवतियों को वह पोषण एवं शिक्षा मिले जिसकी उन्हें अपने भविष्य की एक ठोस नींव रखने के लिए ज़रूरत है।

स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं ने भी महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में गहरा असर डाला है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने देश भर में 10.3 करोड़ से ज़्यादा एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए हैं। इस कदम से खाना पकाने के पारंपरिक ईंधन से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन ने 11.8 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया है। इससे महिलाओं की स्वच्छता और



सुरक्षा के मामले में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन प्रयासों का महिलाओं की उत्पादकता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ा है।

सबसे परिवर्तनकारी पहलों में से एक है 'दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम)। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों - खासतौर पर ग्रामीण महिलाओं एवं समुदायों को बेहद सशक्त बनाया है। 31 जनवरी, 2025 तक, 10.05 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को लगभग 90.87 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित किया जा चुका है। इसके अलावा, एसएचजी के छह लाख से अधिक सदस्यों को विभिन्न भूमिकाओं - पशु सखी एवं कृषि सखी से लेकर बैंक सखी, बीमा सखी और पोषण सखी तक - में सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी) के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रयासों ने महिलाओं को न केवल वित्तीय स्थिरता प्रदान की है, बल्कि उनमें अपने समुदायों के भीतर नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का आत्मविश्वास भी जगाया है।

देश के तेज विकास को नवाचार एवं उद्यमिता से गति मिल रही है। मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल न केवल भारत के आर्थिक परिदृश्य को बदल रही हैं, बल्कि महिलाओं के लिए नए अवसर भी पैदा कर रही हैं। भारत, जिसे अब दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में पहचाना जाता है, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में उछाल का साक्षी बन रहा है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और स्टैंड-अप इंडिया जैसी पहल इस रूझान को बढ़ावा देने में सहायक रही हैं।

पालना योजना और कामकाजी महिला छात्रावास योजना जैसी लक्षित पहलों के माध्यम से श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के सामने आने वाली दो सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं ङ्क देखभाल संबंधी कार्य और आवास से जुड़ी समस्या - को दूर करना है।

इन उन्नतियों के बावजूद, देश में देखभाल से संबंधित एक समग्र एवं गुणवत्तापूर्ण इकोसिस्टम स्थापित करना तत्काल आवश्यक है। यों तो सरकार बच्चों एवं वृद्धों की देखभाल से जुड़ी सुविधाओं के मामले में मौजूद खाई को पाटने की दिशा में सराहनीय प्रगति कर रही है, लेकिन चुनौतियां अभी भी बनी हुई हैं। एक ऐसे समन्वित दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो न केवल भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करे, बल्कि एक मजबूत नीतिगत ढांचे एवं गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को भी कार्यान्वित करे।

उदाहरण के लिए, सरकार डे-केयर सेंटरों को प्रमाणित करने और मानकीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनकी गुणवत्ता की नियमित निगरानी करने हेतु एक वैधानिक निकाय के गठन पर विचार कर सकती है। इसके अलावा, कामकाजी महिलाओं को बच्चों (5 वर्ष की आयु तक के बच्चों) की देखभाल पर किए गए खर्चों के लिए एक निर्धारित सीमा तक विशेष कर संबंधी छूट प्रदान करने से अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।इसके अलावा, राज्यों द्वारा महिलाओं को शारीरिक श्रम वाली (ब्लू कॉलर) नौकरियों में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करने वाली नीतियों को अधिक व्यापक रूप से अपनाने की आवश्यकता है। इन नीतियों में रात की पाली में काम करने तथा सुरक्षा से जुड़े उपायों का पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए। सरकार ने महिलाओं के राजनीतिक एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय प्रगति की है। पीएमजीडीआईएसएचए जैसी डिजिटल पहल ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय आजादी हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में समर्थ बना रही है। एआई, ब्लॉकचेन और फिनटेक का उदय एसटीईएम क्षेत्रों में महिलाओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त कर रहा है, जिसमें विज्ञान एवं इंजीनियरिंग में महिलाएं-किरण (डब्ल्यूआईएसई-किरण) और संस्थानों को बदलने के लिए लैंगिक उन्नति (जीएटीआई) जैसी पहल शामिल हैं। राजनीतिक मोर्चे पर, महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से विधायी निकायों में अधिक प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

**लव कुमार मिश्रा**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है । बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है । यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है । आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

हाल के वर्षों में, भारत के तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और बिजली, सीमेंट, कोयला और इस्पात क्षेत्रों के विस्तार ने कच्चे माल के परिवहन की मांग को बढ़ा दिया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले और अन्य खनिजों की आवाजाही का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया है । यह देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सहायक रहा है । इस उपलब्धि के बावजूद, दक्षिण पूर्व



मध्य रेलवे अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और खनिज परिवहन क्षमता, विशेष रूप से कोयला में सुधार करने के लिए नए रास्ते तलाशना जारी रखता है । भारी माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री यातायात में लगातार 5 प्रतिशत की वृद्धि को प्रबंधित करने की चुनौती के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए यात्री सेवाएँ भी प्राथमिकता बनी हुई हैं । यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और मौजूदा ट्रेनों में अक्सर अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं । निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समय की पाबंदी में सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं ।

अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सक्रिय रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास करना है। इस पहल के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है । बिलासपुर स्टेशन के परिवर्तन पर 392 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें बेहतर प्रवेश बिंदु, स्थानीय कला को एकीकृत करने वाली विरासत से प्रेरित वास्तुकला और सौर पैनल और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ सुविधाएँ शामिल हैं । स्टेशन पर 26 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर होंगे, जिससे पहुंच में काफी सुधार होगा । 463 करोड़ के बजट के साथ रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास, भविष्य की मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर बस स्टेशन पहुंच के लिए प्रावधानों को एकीकृत करता है । विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं पुनर्निर्मित स्टेशन की मुख्य विशेषताएं हैं । 441 करोड़ की लागत से अपग्रेड किए जाने वाले दुर्ग स्टेशन में हेरिटेज थीम वाली डिजाइन, आधुनिक सुविधाएं और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन की सुविधा होगी । इसका विस्तारित लेआउट यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगा ।इन प्रमुख केंद्रों के अलावा , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 567 करोड़ के बजट से 46 अतिरिक्त स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रहा है । रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, भिलाई नगर, राजनांदगांव, गोंदिया और छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन इस पहल का हिस्सा हैं ।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में होली मनाते हुए संगीत वाद्ययंत्र बजाया।




मेष राशि- आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किये हुये काम का आज सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेज़ी से मुक़ाबला करने की क्षमता आपको ख़ास पहचान दिलाएगी। इस राशि के लोगों को आज जीवनसाथी से किसी जरूरी काम में मदद मिलेगी।

वृष राशि- आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग क्लोज रखेंगे तो सफलता जरूर हासिल होगी। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। शाम को बच्चों के साथ खेलने से दिन भर की थकान दूर होगी। छात्रों की शिक्षा उत्तम रहेगी और वे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेशगमन कर सकते हैं।

मिथुन राशि- आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। लवमेट आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिये फायदेमंद रहेगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिये आज का दिन अच्छा है।

कर्क राशि- आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएंगे, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज ख़र्च में इजाफा बचत को थोडा मुश्किल बना देगा। आज किसी काम में बहन का सहयोग उम्मीद से अधिक मिलने वाला है।

सिंह राशि- आज का दिन शानदार रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको जरूर फायदा होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के विचार आयेंगें। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। अगर आप यात्रा कर रहें है तो सभी ज़रूरी दस्तावेज़ साथ रखना न भूलें। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व सभी के दिलों को अपनी तरफ़ खींचेगा। आज दूर का रिश्तेदार आपसे मिलने घर आ सकते है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, गाड़ी के जरुरी कागजात भी साथ रखें।

तुला राशि- आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिये आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। इस राशि के जो लोग पयर्टन से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है। आज आप काम के प्रति सचेत रहें विरोधी आपके व्यापार को नुकसान पहुंचाने की नकामयाब कोशिश कर सकता है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज आप में प्रेरणा अधिक रहेगी। नौकरीपेशा वालों आज आपका प्रमोशन हो सकता है। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक समारोह में जायेंगें। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। नये व्यापार में माता-पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर होगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें, वरना आपका अधिक समय फीजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें। इससे आपको मानसिक संतुष्टि मिलेगी।

मकर राशि- आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिये फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा मामला आज सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिये दिन अच्छा है। लाभ होने की सम्भावना बन रही है। करियर में आज कुछ बदलाव होने वाला है, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगें।

कुंभ राशि- आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा। अचानक धन लाभ होगा, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। सेहत सम्बन्धी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर लेंगे। रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

# 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैब के निजीकरण के दुष्परिणाम

## जाँच दरों में 14 से 1108 प्रतिशत तक हुई वृद्धि

**डॉ. चन्दर सोनाने**

करीब डेढ़ साल पहले मध्यप्रदेश की श्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने एक मनमाना और अदूरदर्शितापूर्ण फैसला लिया था। आमजन को दी जा रही सुविधाओं के विरूद्ध प्रदेश के 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैब का सरकार द्वारा निजीकरण कर दिया गया था। निजीकरण का दुष्परिणाम यह हुआ कि उक्त 13 सरकारी मेडिकल कॉलेजों की लैब की जाँच दरों में 14 से लेकर 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। हुआ कुछ यूं था कि मध्यप्रदेश के मेडिकल कॉलेजों की पैथोलॉजी लैबों के निजीकरण के साथ ही राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने अपने खर्चे पर कंपनी को 5 से 8 हजार वर्गफीट की लैब भी बना करके दी। इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर एनएबीएल/एनएबीएच सर्टिफिकेट का पूरा खर्चा भी उठाया। इसके बाद होना यह था कि जाँच की दरें कम हो जाए। किन्तु हुआ इसका उल्टा। निजीकरण के बाद जाँच दरों में अधिकतम 1108 प्रतिशत तक की वृद्धि हो गई है। इस कारण सरकार को निजी कंपनियों को 200 करोड़ रूपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, बिल बढ़े इसके लिए सर्दी, जुकाम और ज्वाइंट पेन के मरीजों की भी बेवजह महंगी जाँचें की जा रही है। जाँच का काम देख रही हिन्दुस्तान अरनील क्लीनिकल लैब ( एचएसीएल ) और मेडिकल कॉलेजों के बीच जो अनुबंध हुआ उसके अनुसार जाँच की दरें चौंकाने वाली है। जो जाँच भोपाल के एम्स में 300 रूपए में हो जाती है, वहीं अब प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 550 रूपए तक में हो रही है। चंडीगढ़ पीजीआई में जो टेस्ट 200 रूपए का है उसके लिए राज्य सरकार निजी कंपनी को 460 रूपए दे रही है। रिएजेंट ( केमिकल ) की कमी बताकर तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा निजी कंपनी को सरकारी सेटअप में एन्ट्री दिलाई गई। राज्य सरकार ने लगभग 100 करोड़ से ज्यादा का इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी को सौंप दिया। मजेदार बात यह है कि लैब, डॉक्टर, टैक्नीशियन सब राज्य सरकार



के है और केवल जाँचें निजी हाथों को सौंप दी गई है। कंपनी की जिम्मेदारी केवल यह है कि उनके दो कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाईजर, मशीन रखरखाव और रिएजेंट तक सीमित है। सामान्यत: किसी भी पैथोलॉजी लैब जाँच में रिएजेंट का खर्च 10 से 15 प्रतिशत तक ही है। इस प्रकार सारा खर्च राज्य सरकार ने उठाया और पूरा मुनाफा कंपनी को मिल रहा है। आइये, अब आपको बताते हैं किन प्रमुख जाँचों में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है। ब्लीडिंग टाईम, सीटी की जाँच पहले मात्र 21 रूपए में होती थी। अब 47 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 124 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। बीएमएस और साइटोकेमिस्ट्री की जाँच पहले 240 रूपए में होती थी। अब 506 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 111 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। बोन मैरो की जाँच पहले 72 रूपए में होती थी। अब 150 रूपए में यहीं जाँच हो रही है। इस प्रकार करीब 200 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। फाइब्रिनोजन डी-डिमर की जाँच पहले 60 रूपए में होती थी अब 148 रूपए में हो रही है। इस प्रकार इसमें करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सीरम इलेक्ट्रोलाईट की जाँच पहले 72 रूपए में होती थी। अब उसके 165 रूपए लग रहे है। इसमें भी करीब 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मैग्नीशियम की जाँच पहले 42 रूपए में होती थी। वहीं जाँच अब 165 रूपए में हो रही है। इस प्रकार इसमें करीब 300 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। सीरम विटामिन्स की जाँच पहले मात्र 52 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 210 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। टोटल टेस्टोस्टेरोन की जाँच पहले मात्र 51 रूपए में होती थी। वहीं अब 120 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सी-पेप्टाइड की जाँच पहले 105 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 240 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 250 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईएसआर की जाँच पहले मात्र 18 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 81 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 350 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्लेटलेट कन्सट्रेट की जाँच पहले मात्र 56 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 400 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 614 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। बोन मैरो स्मीयर टेस्ट की जाँच पहले मात्र 81 रूपए में होती थी। वहीं अब यह जाँच 250 रूपए में हो रही है। इसमें अब करीब 209 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। सबसे अधिक चौंकाने वाली जांच के रेट बढ़ाए गए है पैक्ड रेड सेल के। इसकी जाँच पहले मात्र 120 रूपए में होती थी। अब इसे बढ़ाकर 1450 रूपए कर दी गई है। इस प्रकार इसमें 1108 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिस प्रकार तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 13 मेडिकल कॉलेजों की पैथालॉजी लैब का निजीकरण कर दिया था, जिसकी वजह से जाँच दरों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। उसी प्रकार अब डॉ.मोहन यादव की सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों को भी निजी हाथ में देने की गतिविधि शुरू कर दी गई है। मध्यप्रदेश में 51 सिविल अस्पताल है। 348 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं। इनमें से प्रथम चरण में राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने पीपीपी मोड पर 10 जिला अस्पतालों में निजी मेडिकल कॉलेज बनाने का फैसला कर लिया है। ये 10 जिला अस्पताल हैं- खरगोन, धार, बैतूल, टीकमगढ़, बालाघाट, कटनी, सीधी, भिंड, मुरैना आदि। यह सर्वज्ञात सत्य है कि राज्य में डॉक्टरों की भारी कमी है। सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञों के 2,374 पद बरसों से खाली पड़े है। यह कुल स्वीकृत पदों का 63.73 प्रतिशत है। चिकित्सा अधिकारियों के 1,054 पद खाली पड़े हैं। यह स्वीकृत पदों का 55.97 प्रतिशत ही हैं। दन्त चिकित्सकों के 314 पद खाली पड़े है।



# गर्मी की छुट्टियों में वैष्णो देवी जाने वाले भक्तों के लिए अच्छी खबर, इस रूट पर जल्द शुरु होगी ट्रेन



नई दिल्ली(ए.)। गर्मियों की छुट्टियों में माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। दरअसल, कटरा से श्रीनगर तक की नई रेल लाइन में शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। आने वाले दिनों में भारतीय रेलवे कटरा से श्रीनगर तक ही ट्रेन चलाएगा। इसके बाद जम्मू और दिल्ली से भी सीधी ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस बीच रेलवे मंत्रालय ने इस रूट पर पहली ट्रेन वंदे भारत चलाने की तैयारी की है, जो कटरा से श्रीनगर तक जाएगी। जानिए कब से ट्रेन चलनी शुरू होगी...

रेलवे मंत्रालय अनुसार, कटरा से संगलदान के बीच रेल लाइन पूरी तरह से तैयार कर ली गई है। इसी सेक्शन पर टी-33 टनल बनाई गई है। यह टनल बेहद ही चुनौतीपूर्ण थी। इसके चलते इसके निर्माण में बहुत वक्त लगा। इस टनल पर भी ट्रायल किया जा चुका है। कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) जांच भी हो चुकी है। इसलिए इसमें ट्रेन चलाने में किसी तरह की बाधा नहीं है। रेलवे मंत्रालय के अनुसार संभावना है कि मार्च अंत में इसका रेल लाइन का उद्घाटन कर दिया जाएगा और ट्रेनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। इससे माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालु ट्रेन से श्रीनगर तक जा सकेंगे।

रेलवे ने कश्मीर को पूरे देश से रेल मार्ग से जोड़ने के लिए 272 किमी. उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन (यूएसबीआरएल) का निर्माण किया है. यूएसबीआरएल परियोजना के महत्व को देखते हुए 2002 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित की गई थी। जो आजादी के बाद भारतीय रेलवे द्वारा किया गया सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। कटरा और संगलदान के बीच रेलवे लाइन का काम लगभग पूरा हो गया है। अभी कन्याकुमारी से कटरा तक और कश्मीर घाटी में बारामुला से संगलदान तक ट्रेनें दौड़ती हैं। कटरा से संगलदान के बीच ट्रेन चलने के बाद कश्मीर से कन्याकुमारी रेल मार्ग से जुड़ जाएगा। इस तरह देश के किसी भी ट्रेन के माध्यम से कश्मीर पहुंचा जा सकेगा।

**ऐसी होगी ट्रेन,इतना होगा किराया**

कटरा से श्रीनगर के बीच चलने वाली कश्मीर स्पेशल वंदे भारत ट्रेन देश के अन्य हिस्सों में चल रही वंदे भारत ट्रेनों से बिल्कुल अलग होगी।

## तेलंगाना सुरंग हादसाः फंसे सात लोगों की खोज में जुटी विशेष टीम, रोबोट और हाईटेक उपकरण से तेज हुआ अभियान



हैदराबाद (ए.)। तेलंगाना में ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग फंसे सात लोगों की तलाश शनिवार को लगातार 22वें दिन भी जारी है। तलाशी अभियान में शनिवार को खास मशीनरी का इस्तेमाल किया गया, जिससे अभियान को गति मिली। मामले में अधिकारियों ने बताया कि अब सुरंग के अंदर फंसे सात लोगों को निकालने के लिए स्वायत्त हाइड्रोलिक-संचालित रोबोट का उपयोग किया जा रहा है, जो मिट्टी और मलबे को तेजी से हटाने में मदद कर रहा है। इसके अलावा, 30 एचपी क्षमता वाला लिक्विड रिंग वैक्यूम पंप और वैक्यूम टैंक मशीन जैसे उपकरण भी सुरंग के भीतर से मलबा हटाने के लिए काम कर रहे हैं।

**तलाशी अभियान में जुटी हैं कई एजेंसिया**

इस अभियान में सेना, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), खनन कंपनियां, और रोबोटिक्स विशेषज्ञ भी शामिल हैं। मिट्टी और मलबे को हटाने के लिए कन्वेयर बेल्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे प्रति घंटे 620 क्यूबिक मीटर मलबा बाहर निकाला जा सकता है। यह अभियान चौबीसों घंटे चल रहा है और सुरंग में पानी निकालने की कोशिश भी की जा रही है।

**सात लोगों की तलाश अभी भी जारी**

गौरतलब है कि बीते 22 फरवरी को एसएलबीसी परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद इंजिनियर और मजदूर समेत आठ लोग फंस गए थे। बचाव अभियान शुरू किया गया। इसके बाद 9 मार्च को टीबीएम ऑपरेटर गुरप्रीत सिंह का शव बरामद किया गया था और उनके परिवार को सौंप दिया गया।

## मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में पुलिस अधिकारी की मौत

मुंगेर (ए.)। बिहार के अररिया में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा किए गए हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लोगों ने मुंगेर जिले में एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि नंदलालपुर के पास दो पक्ष आपस में किसी बात को लेकर मारपीट कर रहे हैं। इसी सूचना पर 112 वाहन पर तैनात एएसआई संतोष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। इस दौरान झगड़ा कर रहे दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश कर ही रहे थे कि एक व्यक्ति ने तेज धार हथियार से उन पर हमला कर दिया। एएसआई वहीं गिर गए।

## सोने की तस्करी में राज्य पुलिस अधिकारी की भूमिका, डीआरआई ने अदालत में किए सनसनीखेज खुलासे



बंगलूरू (ए.)। कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीपीजी) के रामतंद्र राव की सौतेली बेटी पर लगे अवैध व्यपार करने के आरोप मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में कहा है कि अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी से जुड़े रैकेट में कर्नाटका पुलिस के एक प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया गया था। डीआरआई ने दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है।

**कर्नाटक पुलिस के इस्तेमाल पर डीआरआई की दलील**

मामले में डीआरआई ने अपनी दलील में कहा कि रान्या ने सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि रान्या ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं।

**अभिनेत्री की जमानत याचिका खारिज**

बता दें कि शुक्रवार को इस मामले में अदालत ने संज्ञान में लेते हुए रान्या की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। इसके अलावा, कर्नाटका सरकार ने रान्या के पिता रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया था। लेकिन, कुछ घंटों बाद इस आदेश को वापस ले लिया गया। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी कर रहे हैं।

**अभिनेत्री ने एजेंसी पर लगाए आरोप**

साथ ही मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने इल्जाम लगाया है कि राजस्व खुफिया निदेशालय के अफसर ने उन्हें कई बार थप्पड़ मारे, खाना नहीं दिया और उनसे सादे कागज पर दस्तखत करने को कहा। अतिरिक्त महानिदेशक को लिखे एक खत में रान्या राव ने कहा कि वह निर्दोश हैं और उन्हें गलत केस में फंसाया जा रहा है।

# असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह गिरफ्तार, सोशल मीडिया पोस्ट में भाजपा नेताओं पर उठाया था सवाल

गुवाहाटी (ए.)। असम कांग्रेस के प्रवक्ता रीतम सिंह को एक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए शनिवार को गिरफ्तार किया गया। इस पोस्ट में उन्होंने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ दर्ज मामलों की स्थिति पर सवाल उठाया था। इनमें भाजपा एक पूर्व राज्य प्रमुख और दो मौजूदा विधायक शामिल हैं।

**भाजपा विधायक की पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई**

लखीमपुर जिला पुलिस की टीम ने रीतम सिंह को गुवाहाटी स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया। इस गुवाहाटी पुलिस ने लखीमपुर की टीम की मदद की। लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक मिहिरजीत गयान ने बताया कि दो दिन पहले 'एक्स' पर एक पोस्ट को लेकर भाजपा विधायक मानव डेका की पत्नी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, हमने



उन्हें संबंधित कानूनी धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। उन्हें अब लखीमपुर लाया जा रहा है।

**कांग्रेस प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा**

रीतम सिंह ने 13 मार्च सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने 2021 में धेमाजी जिले में एक दुष्कर्म मामले में कोर्ट की ओर से दोषी ठहराए गए तीन व्यक्तियों की खबर साझा की। इसके साथ उन्होंने पूछा, इन अपराधियों को उनकी सजा मिली। लेकिन दुष्कर्म के आरोपी असम भाजपा के विधायक मानव डेका, पूर्व पार्टी अध्यक्ष भावेश कलिता और पूर्व मंत्री राजने गोहेन का क्या हुआ? क्या कानून सबके लिए समान है? कलिता इस साल जनवरी तक असम भाजपा के अध्यक्ष था। अभी कलिता और डेका विधायक हैं, जबकि गोहेन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान रेल राज्य मंत्री थे।

## ठीक होने के बाद धनखड़ 17 मार्च से फिर संभालेंगे राज्यसभा की अध्यक्षता, जयराम रमेश ने दी जानकारी



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। मुलाकात के बाद रमेश ने उनकी स्वास्थ्य और राज्यसभा की अध्यक्षता को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि धनखड़ 17 मार्च से राज्यसभा की अध्यक्षता फिर से शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

बता दें कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी समस्याओं के कारण 9 मार्च को दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती किया गया था। हाल ही में उन्हें एम्स से छुट्टी मिल गई और डॉक्टर्स ने उन्हें आराम करने की सलाह दी थी।

**जयराम रमेश ने दी जानकारी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर कहा कि आज माननीय उपराष्ट्रपति जी से उनके निवास पर मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं और आगामी सोमवार, 17 मार्च से राज्यसभा की कार्यवाही की अध्यक्षता पुन: संभालने के लिए तैयार हैं।

**12 मार्च को अस्पताल से मिली थी छुट्टी**

गौरतलब है कि स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार को देखते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बीते बुधवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी दे दी गई था। अस्पताल ने एक बयान में बताया कि धनखड़ के स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ है। उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। साथ ही एम्स-दिल्ली ने कहा था कि चिकित्सा टीम से आवश्यक देखभाल मिलने के बाद, उनकी हालत में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई।' उन्हें अगले कुछ दिन तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई।

## 'कई चुनाव हारने के बाद भी नहीं लिया सबक', मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण को लेकर BJP का कांग्रेस पर हमला



नई दिल्ली(ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रवि शंकर प्रसाद ने सरकारी परियोजनाओं में मुस्लिम ठेकेदारों का चार फीसदी आरक्षम देने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति बताया और चेतावनी दी कि इसका देशव्यापी असर होगा। भाजपा ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस कई चुनाव हारने के बावजूद अपनी गलितयों से सबक नहीं ले रही है।

इस मुद्दे पर प्रसाद ने कहा, यह कर्नाटक का मामला है, लेकिन इसका राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव होगा। यह कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। कर्नाटक सरकार ने बजट में मुसलमानों के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण की घोषणा सार्वजनिक रूप से की है। उन्होंने आगे कहा, अब तक हम केवल नौकरियों में आरक्षण की बात करते थे, लेकिन अब सरकारी ठेकों में भी आरक्षण दिया जा रहा है। उसमें भी चार फीसदी मुसलमानों के लिए आरक्षित किया गया है।

**सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह असंवैधानिक: रविशंकर प्रसाद**

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण के पूरी तरह खिलाफ है और इसका विरोध करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा, भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान के तहत मान्य नहीं है। सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह असंवैधानिक है। इसे केवल सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर अनुमति दी जा सकती है, लेकिन किसी धार्मिक समुदाय को सीधे तौर पर देना मान्य नहीं है।

**आर्थिक अवसरों में समावेशिता के लिए उठाया कदम : कर्नाटक सरकार**

कर्नाटक सरकार के इस फैसले के कारण नई सियासी बहस शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे सांप्रदायिक पक्षपात करार दिया है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का कहना है कि यह कदम आर्थिक अवसरों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्रसाद ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला किया और मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण के फैसले के लिए कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की।

## बच्चों के हाथ-पैर बांधे, पानी से भरी बाल्टी में डुबोया; शख्स ने बच्चों की हत्या कर खुद की आत्महत्या

अमरावती (ए.)। आंध्र प्रदेश से दिल दहला देने वाली घटना सामने आ रही है। यहां काकीनाडा में एक शख्स ने अपने दो मासूम बच्चों की दर्दनाक जान ले ली। काकीनाडा के डीएसपी देवराज पाटिल ने बताया कि काकीनाडा जिले के थोटा सुब्बाराव नगर में भूदेवी अपार्टमेंट में एक दुखद घटना घटी। वनपल्ली चंद्र किशोर नाम के एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों के हाथ-पैर बांधे, उन्हें पानी से भरी बाल्टियों में डुबोया और मार डाला। बाद में उसने आत्महत्या कर ली।

# महिला सिपाही का कत्लः 5:18 पर गाड़ी में लाश डालकर निकला फौजी पति; 7 बजे पैदल वापस आया; CCTV में पूरा घटनाक्रम




चंडीगढ़ (ए.)। चंडीगढ़ पुलिस की महिला कांस्टेबल सपना की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। महिला कांस्टेबल की हत्या उसके फौजी पति ने की थी। योजना के तहत आरोपी पत्नी की लाश को कार में डालकर रातभर घूमा, इसके बाद 25 किलोमीटर दूर पंचकूला में ठिकाने लगाकर भाग गया।

एमडीसी थाना पुलिस ने मृतका सपना के फौजी पति परविंदर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सपना की हत्या के मामले में आरोपी पति ने पुलिस को पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारी दी है।

आरोपी पति ने चंडीगढ़ से सटे मोहाली के नयागांव स्थित शिवालिक विहार में घर पर ही पत्नी सपना की हत्या की थी। हत्या के बाद सपना की लाश को कार में डालकर पंचकूला लेकर गया। यहां सुबह करीब पौने 6 बजे कार में पत्नी की लाश छोड़कर फरार हो गया। पत्नी हत्या के बाद आरोपी परविंदर ने प्लानिंग के साथ लाश कार में डालकर पंचकूला पहुंचाया था। यह खुलासा घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से हुआ है। आरोपी नयागांव स्थित शिवालिक विहार से सुबह 5:18 पर घर से लाश गाड़ी में डालकर निकला। इस दौरान उसने हाथ में सफेद रंग के दस्ताने पहने हुए थे। पीछे की सीट पर लाल रंग का कंबल दिख रहा है। पड़ताल में यह भी सामने आया है कि आरोपी परविंदर ने दो दिन पहले ही घर के सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए थे। पड़ोसियों के कैमरे की तार भी काट दिए थे, परंतु कुछ कैमरों को उसे पता नहीं चला था। उनमें वारदात कैद हो गई।

पूरी प्लानिंग के तहत आरोपी शव को 6:34 पर ठिकाने लगाने के बाद घर लौट आया। लौटते समय परविंदर पैदल था, जबकि वह कार लेकर गया था। घर लौटने के बाद 6:42 बजे उसने मोबाइल फोन को ऑन किया। आरोपी कार पर नजर रखने के लिए दिन भर कार के आसपास ही चक्कर लगाता रहा। जिसकी पुष्टि मोबाइल टावर से हो रही है।

**डिनर करके घर आए थे सपना और परविंदर**

सूत्रों ने बताया कि 10 मार्च की रात सपना और परविंदर ने एक साथ डिनर किया था। रात करीब 10 बजे कार घर पर आती हुई दिखाई दे रही है। आरोपी के घर पर कैमरे लगे हुए हैं। वहीं सपना के घर में टेबल पर केक भी पड़ा था। आरोपी सुबह साढ़े 6 के करीब जींस की पैंट डालकर पैदल आता हुआ दिखाई दे रहा है।

**सोमवार रात को हुई थी सपना की हत्या**

महिला सिपाही की हत्या 10 मार्च यानि सोमवार रात 10 से सुबह 5:42 के बीच में हुई थी। सपना रात को 12 मार्च को राष्ट्रपति की ड्यूटी के चलते चंडीगढ़ पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप में ड्यूटी के लिए बात कर रही थी। इससे साफ है कि आरोपी ने रात 10 बजे के बाद ही पत्नी की हत्या की थी। पुलिस चंडीगढ़ से पंचकूला के रूट की जांच कर रही है कि आखिर वह किन रास्तों से चंडीगढ़ आया था।

**पत्नी को क्यों मारा, आरोपी से पुलिस कर रही पूछताछ**

मनसा देवी थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने आखिर सपना की हत्या कैसे की। पुलिस पूछताछ कर रही है कि क्या सपना को पहले जहर दिया गया और गला दबाया गया क्योंकि सपना के मुंह से झाग निकल रही थी।

## भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रमुख अजीत कुमार सैनी पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**-परिजनों ने दबंगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की**
**-थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर का मामला**



फतेहपुर (संदीप पंडा)। शनिवार सुबह लगभग 10.00 बजे के आसपास ग्राम रेवाडी बुजुर्ग में दबंगों ने फतेहपुर जिला सोशल मीडिया प्रमुख भाजपा एवं समाजसेवी अजीत कुमार सैनी आत्मज श्री अनन्त कुमार सैनी पर जानलेवा हमला कर दिया है। श्री सैनी की माता श्रीमती सरिता सैनी द्वारा बताया गया कि उनका पुत्र अजीत कुमार सैनी सुबह 10 बजे के आसपास बाईक से कुछ सामान लेकर वापस घर की ओर आ रहा था कि घर के पास ही मोहनलाल धोबी का पुत्र नितिन जबरजस्ती श्री सैनी की मोटर साइकिल में टक्कर मारकर जानलेवा हमला कर दिया है। जिसके विरोध करने पर दबंग नितिन धोबी ने परिवार व रिस्तेदारों के साथ मिलकर लाठी डंडों से अजीत कुमार सैनी को उनके घर पर घुसकर हमला कर दिया जिससे श्री सैनी बुरी तरह घायल हो गये जिन्हें गंभीर चोटे आईं हुई है।

श्री सैनी की माता श्रीमती सरिता सैनी ने नितिन पुत्र मोहनलाल धोबी, अरुण पुत्र लाला धोबी, अंकित पुत्र राजू धोबी, सचिन पुत्र ननका धोबी एवं अन्य अज्ञात लोगों के विरूद्ध थाना कल्यानपुर जनपद फतेहपुर में मुकदमा पंजीबद्ध करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है साथ ही दबंगों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है, हालांकि देखना अब यह है कि कल्यानपुर थाना पुलिस ऐसी दबंगों के विरूद्ध किस प्रकार कार्यवाही करती है।

## पेरिस में स्टाइलिश नजर आईं दीपिका पादुकोण, रणवीर बोले- 'मुझ पर रहम करो'



हाल ही में पेरिस के लुई वुइटन फैशन वीक में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने शिरकत की। उन्होंने व्हाइट ड्रेस में अपनी बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर किया। तस्वीर इतनी प्यारी थी कि जिस पर प्यारा कमेंट करने से उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह खुद को रोक नहीं पाए। वुइटन फैशन वीक में भाग लेने से पहले दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में दीपिका पेरिस में एफिल टॉवर के सामने पोज देती नजर आ रही हैं। वह एक पत्थर की रेलिंग पर झुकी हुई दिखाई दे रही हैं, जिसके पीछे आइकॉनिक टावर है। उन्होंने सफेद ओवरसाइज्ड कोट, काले दस्ताने और काले रिबन वाली चौड़ी सफेद टोपी पहनी है।

तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा, "लुई वीटॉन 2025।" दीपिका की पोस्ट पर उनके प्रशंसकों के साथ ही फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने भी कमेंट किया। हालांकि, इनमें से सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करने वाला कमेंट था दीपिका के पति और अभिनेता रणवीर सिंह का, जिन्होंने एक लाइन में पत्नी के लिए खूबसूरत बात लिखी। दीपिका की तारीफ से मंत्रमुग्ध नजर आए रणवीर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, भगवान मुझ पर रहम करो।

गौरतलब है कि दीपिका और रणवीर साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे के करीब आए थे। लंबे समय तक साथ रहने के बाद दोनों ने साल 2018 में शादी कर ली। उन्होंने इटली के लेक कोमो में शादी की थी। उन्होंने दक्षिण भारतीय और सिंधी दोनों रीति-रिवाज के साथ शादी की थी। शादी के 6 साल बाद दोनों पेरेंट्स बने।

## रवीना टंडन के घर जमकर होली खेली तमन्ना ने





मुंबई (ए.)। फिल्म अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और अभिनेता विजय वर्मा ने रंगों के उत्सव होली के त्योहार के मौके पर अपने ब्रेकअप की अटकलों के बाद सभी को चौंका दिया है। दोनों एक साथ एक ही होली पार्टी में होली मनाते दिखे, लेकिन दोनों एक-दूसरे की तरफ देखा तक ही नहीं। न ही दोनों ने एक-दूसरे को रंग लगाया। ये दोनों रवीना टंडन और अनिल थडानी के मुंबई वाले घर में आयोजित हुई होली पार्टी में शामिल हुए। दोनों को रवीना की बेटी राशा थडानी के साथ त्योहार मनाते देखा गया, जिनके साथ उनका बहुत अच्छा रिश्ता है। तमन्ना भाटिया और राशा थडानी एक ही छत के नीचे थे, लेकिन उन्हें एक साथ नहीं देखा गया। दोनों अलग-अलग पहुंचे। साथ ही, सोशल मीडिया पर किसी भी तस्वीर में तमन्ना और विजय एक साथ पोज देते हुए नहीं दिखे। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर राशा के साथ होली सेलिब्रेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। राशा के साथ विजय की कुछ तस्वीरें भी इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं।

बता दें, कि तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने कथित तौर पर नेटफ्लिक्स की एंथोलॉजी 'लस्ट स्टोरीज 2' की शूटिंग के दौरान डेटिंग शुरू की थी। गोवा में एक नए साल की पार्टी में इन दोनों को एक साथ देखे जाने के बाद उनके रिश्ते के बारे में अफवाहें फैलने लगी। हालांकि, बाद में विजय ने कहा था कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान डेटिंग शुरू नहीं की थी। नेटफ्लिक्स इंडिया के यूट्यूब चैनल पर तन्मय भट के साथ बातचीत के दौरान, विजय ने 'लस्ट स्टोरीज 2; के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनकी वास्तविक जीवन की प्रेम कहानी बहुत बाद में शुरू हुई। विजय ने बताया कि शूटिंग के दौरान हमने डेटिंग शुरू नहीं की थी। शूटिंग के बाद पार्टी होने की बात चल रही थी, लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ।" विजय वर्मा ने आगे कहा था, "इसलिए, हम पार्टी करना चाहते थे, और केवल चार लोग ही आए। उस दिन, मुझे लगता है कि मैंने उससे कहा था कि मैं तुम्हारे साथ और घूमना चाहता हूं।

## जल्द ही इन नई फिल्मों में नजर आएंगी आलिया भट्ट, जन्मदिन पर सामने आई लिस्ट



आलिया भट्ट आज अपना 32वां जन्मदिन मना रही हैं। उनके पास कई फिल्में हैं। उन्होंने 'जिगरा', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उनकी आने वाली नई फिल्में एक्शन और रोमांच से भरी होने वाली हैं। इस खबर में हम आपको बताने वाले हैं कि आलिया किन फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

आलिया भट्ट जल्द ही 'अल्फा' फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह रोमांचक फिल्म है। फिल्म में उनके साथ शारवरी वाघ भी नजर आएंगी। इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। फिल्म में महिला ताकत को दिखाया जाएगा। फिल्म की कहानी एक जासूस महिला पर आधारित है जो एक खतरनाक मिशन पर जाती है। फिल्म 25 दिसंबर 2025 में रिलीज हो सकती है।

**लव एंड वार**

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वार' में आलिया भट्ट के अलावा रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। ये फिल्म ऐतिहासिक ड्रामा है। इसमें रोमांस, एक्शन और गहरी भावनाएं दिखेंगी। इस फिल्म की कहानी अभी किसी को बताई नहीं गई है। आलिया ने इस पर काम करने के लिए पूरा साल लगाया है। फिल्म साल 2026 में रिलीज हो सकती है।

## मां के नक्शेकदम पर चलने की कोशिश कर रही है खुशी : बोनी कपूर





बॉलीवुड फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा, मैंने खुशी की सभी फिल्में देखी हैं आर्चीज, लवयापा और नादानियां। नो एंट्री के बाद अब मैं उनके साथ भी एक फिल्म की प्लानिंग कर रहा हूं। यह खुशी के साथ मेरी पहली फिल्म होगी और संभव है कि यह मॉम 2 हो।

वह अपनी मां के नक्शेकदम पर चलने की कोशिश कर रही है, और मुझे उम्मीद है कि खुशी और जान्हवी भी उसी ऊंचाई तक पहुंचेंगी जहां उनकी मां थीं। आईफा ग्रीन कार्पेट इवेंट में मीडिया से बातचीत के दौरान बौनी कपूर ने यह बता कही। बता दें, श्रीदेवी स्टारर मॉम साल 2017 में रिलीज हुई थी। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी मां की भूमिका निभाई थी जो अपनी बेटी के रेपिस्टों को सजा दिलाने के लिए खुद न्याय की लड़ाई लड़ती है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार भी नजर आए थे। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी हिट नहीं रही थी, लेकिन श्रीदेवी की दमदार परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया था। उन्हें इस फिल्म के लिए मरणोपरांत नेशनल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था। खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ लवयापा और सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ नादानियां में नजर आईं। वहीं, उनकी बहन जान्हवी कपूर ने हिंदी और साउथ, दोनों फिल्मों में अपना करियर स्थापित कर लिया है। वह हाल ही में जूनियर एनटीआर के साथ देवरा में नजर आई थीं। इसके अलावा बवाल, मिस्टर एंड मिसेज माही और उलझ जैसी फिल्मों में भी उनकी परफॉर्मेंस को सराहा गया। आने वाले समय में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ परम सुंदरी और वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगी। बोनी कपूर इस समय अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म नो एंट्री 2 की भी तैयारी कर रहे हैं, जिसमें कई बड़े सितारे नजर आएंगे। अब उनकी नई घोषणा से ये साफ हो गया है कि वह अपनी बेटियों के करियर को लेकर भी पूरी तरह से गंभीर हैं और खुशी के साथ एक बड़ा प्रोजेक्ट प्लान कर रहे हैं।

### कई बार मारे थप्पड़ और खाना नहीं दिया, रान्या राव का डीआरआई पर बड़ा इल्जाम

कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को हाल ही में सोना तस्करी मामले में बेंगलुरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। अब उन्होंने इल्जाम लगाया है कि राजस्व खुफिया निदेशालय के अफसर ने उन्हें कई बार थप्पड़ मारे, खाना नहीं दिया और उनसे सादे कागज पर दस्तखत करने को कहा। अतिरिक्त महानिदेशक को लिखे एक खत में रान्या राव ने कहा कि वह निर्दोश हैं और उन्हें गलत केस में फंसाया जा रहा है।

**कई पेजों पर दस्तखत करने का बनाया दबाव**

रान्या के मुताबिक कई बार कहने के बावजूद उन्होंने सादे कागजों पर दस्तखत नहीं किए। रान्या के मुताबिक डीआईआई के अफसरों ने उनके सामने 50-60 टाइप हुए पेज रखे और उन पर दस्तखत करने का दबाव डाला। इसके अलावा 40 सादे पेज पर दस्तखत करने का दबाव डाला। रान्या ने कहा कि मेरी गिरफ्तारी से लेकर मुझे अदालत में पेश किए जाने तक मुझे मारा-पीटा गया। उस अफसर को मैं पहचान सकता हूं जिसने मुझे 10-15 थप्पड़ मारे। बार-बार यातना दिए जाने के बावजूद मैंने उन कागजों पर दस्तखत नहीं किए जो उन्होंने तैयार किए थे।

## छावा ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया धमाल, 500 करोड़ क्लब में शामिल


विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म छावा बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म ने 25 दिनों के अंदर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है और 2025 की पहली बॉलीवुड फिल्म बन गई है, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। यह विक्की कौशल के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्म साबित हुई है। फिल्म ने अपने 25वें दिन 6.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिससे भारत में कुल कलेक्शन 526.05 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, दुनियाभर में फिल्म ने 705.3 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसने गदर 2 को पीछे छोड़ दिया और अब यह पठान को पीछे करने की ओर बढ़ रही है, जिसने भारत में 543.22 करोड़ रुपये कमाए थे।




गौरतलब है कि फिल्म की शुरुआत ही धमाकेदार रही थी। छावा ने पहले ही दिन 31 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली, दूसरे दिन 37 करोड़, और तीसरे दिन 48.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। पहले वीकेंड पर ही फिल्म ने 116.5 करोड़ रुपये कमा लिए थे। खास बात यह है कि 7 मार्च को फिल्म की तेलुगु डब वर्जन भी रिलीज की गई, जिससे इसके कलेक्शन को और फायदा हुआ। छावा की इस सफलता ने इसे भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 फिल्मों में शामिल कर दिया है। इस सूची में पुष्पा 2 (1234.1 करोड़ रुपये) पहले स्थान पर है, इसके बाद बाहुबली 2 (1030.42 करोड़ रुपये), केजीएफ चैप्टर 2 (859.7 करोड़ रुपये), आरआरआर (782.2 करोड़ रुपये) जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं।

इससे पहले, विक्की कौशल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक (244.14 करोड़ रुपये) थी। उनके करियर की अन्य हिट फिल्मों में राज़ी (123.74 करोड़), सैम बहादुर (93.95 करोड़) और ज़रा हटके ज़रा बचके (88.35 करोड़) शामिल हैं। फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोंसले का किरदार निभाया है। इसमें अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और विनीत कुमार सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिलहाल, ईद तक कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही, जिससे छावा को बॉक्स ऑफिस पर और मजबूती मिलने की संभावना है।

## 'डेब्यू करने वाले कलाकारों के प्रति विनम्र रहें... ', इब्राहिम-खुशी के ट्रोल्स पर भड़के सोनू सूद?





इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म 'नादानियां' चर्चा का विषय बन चुकी है। फिल्म का प्रीमियर 7 मार्च, 2025 को नेटफ्लिक्स पर हुआ था। शौना गौतम द्वारा निर्देशित और करण जौहर द्वारा निर्मित इस फिल्म को आलोचकों से नकारात्मक समीक्षा मिली और लोग फिल्म में उनके प्रदर्शन के लिए इब्राहिम और खुशी को ट्रोल कर रहे हैं। अब सोनू सूद ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने लोगों से नए कलाकारों और डेब्यू करने वाले कलाकारों के प्रति दयालु होने के लिए कहा है।

**सोनू सूद का पोस्ट**

अभिनेता सोनू सूद ने लिखा, 'फिल्म बिरादरी और अन्य जगहों पर डेब्यू करने वाले कलाकारों के प्रति दयालु रहें। कोई भी व्यक्ति जब शुरू करता है तो वह परफेक्ट नहीं होता। हम सभी अनुभव के साथ सीखते हैं। केवल मुट्ठी भर लोगों को ही दूसरा मौका मिलता है। किसी भी क्षेत्र में अच्छा या बुरा प्रदर्शन इसमें शामिल हर तकनीशियन की सामूहिक जिम्मेदारी है। हम सभी सीखने वाले हैं। आइए उनका समर्थन करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। प्यार फैलाएं।'

**यूजर्स ने भी दिया सोनू सूद का साथ**

सोनू सूद ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिखा है। हालांकि, 'नादानियां' और इब्राहिम-खुशी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अब लोगों का कहना है कि सोनू सूद ने अपनी पोस्ट में उनके बारे में ही बात की है। सोनू सूद की इस पोस्ट पर कई यूजर्स ने भी सहमति जताई और कहा कि हां नए लोगों को हमेशा सीखने के लिए मिलता है। ऐसे में उन्हें परफेक्ट बनने के लिए समय चाहिए।

**विवादों में इब्राहिम**

वहीं, इस बीच, इब्राहिम आज सुबह एक पाकिस्तानी इंस्टाग्राम यूजर को कथित तौर पर धमकी देने के लिए सुर्खियों में आ गए हैं, जिसने उनकी फिल्म 'नादानियां' का मजाक उड़ाया था। यूजर ने अपने इंस्टाग्राम डीएम का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें इब्राहिम ने उन पर जुबानी हमला किया है।

## अगर अंडे उबालते समय पानी में टूट या फट जाएं तो ये ट्रिक्स आजमाएं

अंडे खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता हैं. बता दें, अंडे में प्रोटीन 9 प्रकार के आवश्यक अमीनो एसिड, आयरन, विटामिन बी, डी और अन्य पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होते हैं. इसलिए, अंडे हर कोई खा सकता है. विशेषज्ञों का मानना है कि छोटे बच्चों को भी अंडा खिलाना बहुत अच्छा होता है. इससे उन्हे पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलते हैं. ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञ का कहना है कि उबले अंडे सबसे स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों में से एक हैं. जब आप उन पर थोड़ा नमक और काली मिर्च छिड़कते हैं, तो उनका स्वाद बहुत अच्छा लगता है. लेकिन कई बार अंडे उबालते समय टूट जाते हैं. इससे बचने के लिए अंडे उबालते समय कुछ सावधानियां बरतनी जरूरी है. ऐसा करने से न सिर्फ अंडे का छिलका निकालना आसान होगा, बल्कि अंडे में मौजूद जरूरी पोषक तत्व भी बरकरार रहेंगे और स्वाद भी बहुत अच्छा रहता है. खबर में जानें अंडे उबालते समय क्या सावधानियां बरतनी जरूरी है...



### अंडे उबालते समय इन टिप्स को फॉलो करें...

* अंडे उबालते समय आपको उनके लिए एक बड़ा कटोरा इस्तेमाल करना चाहिए. कटोरे में इतना पानी डालें कि अंडे पूरी तरह डूब जाएं. इससे अंडे एक दूसरे को छूने से बचेंगे. इस तरह वे टूटेंगे नहीं.

* जिस कटोरे में आप अंडे उबाल रहे हैं, उसमें पानी में एक चम्मच नमक डाल दें. ऐसा करने से अंडे टूटने से बचेंगे. नमक के पानी में अंडे उबालने से उन्हें छीलना आसान हो जाता है.

* साथ ही, कई लोग अंडे को फ्रिज में रखते हैं. सीधे खाना पकाने के लिए इस्तेमाल करते हैं. ऐसा कभी न करें. सबसे पहले, उन्हें कमरे के तापमान पर लाएं. इसके बाद उन्हें उबालना चाहिए. अगर आप ठंडे अंडे को सीधे गर्म पानी में उबालेंगे, तो उनके टूटने की संभावना बहुत ज्यादा रहेगी.

* अंडे को कभी भी उबलते पानी के बर्तन में न डालें. अगर आप ऐसा करेंगे, तो अंडा पानी में फट जाएगा. एक कटोरे में 3 या 4 से ज्यादा अंडे न उबालें. इस तरह से भी उनके फटने की संभावना रहती है.

* अंडे उबालते समय कभी भी आंच तेज ना रखें, हमेशा मध्यम आंच पर उबालें. अगर आप ऐसा करेंगे, तो वे नहीं टूटेंगे. करीब 15 मिनट तक अंडे पानी में उबालने के बाद गैस बंद कर दें. अब अंडों को गर्म पानी से निकालकर ठंडे पानी में डाल दें और करीब 10 मिनट बाद उन्हें छील लें. ऐसा करने से अंडा बिना टूटे आसानी से बाहर आ जाएगा.

रिपोर्ट के अनुसार, उबले अंडे खाना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है. रिसर्च के अनुसार, एक उबले अंडे में छह ग्राम हाई क्वालिटी वाला प्रोटीन होता है. यह मांसपेशियों की बढ़ोतरी के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसमें आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक के साथ-साथ विटामिन ए, विटामिन डी और विटामिन बी 12 भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इनमें एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते हैं.

उबले अंडे में कैलोरी कम और प्रोटीन तथा अन्य पोषक तत्व अधिक होते हैं. जो लोग अपना वेट कम करना चाहते हैं उनके लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है. एक अध्ययन के अनुसार, पहर रोज एक उबला अंडा खाने से वजन कंट्रोल में मदद मिलती है.

## आईएमएलः वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 6 रन से हराया, अब सचिन-लारा में होगी टक्कर

रायपुर,(ए)। वेस्टइंडीज मास्टर्स ने दिनेश रामदीन के अर्धशतक और ब्रायन लारा की समान रूप से प्रभावीशाली पारी के अलावा टीनो बेस्ट के 4 विकेट पर श्रीलंका मास्टर्स पर छह रन से हराया। इसके साथ ही रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर के नेवृत्व वाली इंडिया मास्टर्स के साथ होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के खिताबी मुकाबले में खेलने का हक हासिल कर लिया। इंडिया मास्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को हराकर खिताबी मुकाबले में एंट्री मारी थी।ब्रायन लारा ने श्रीलंका मास्टर्स के आक्रमण के खिलाफ 41 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम की वापसी करवाई। इसके बाद दिनेश रामदीन के नाबाद अर्धशतक से वेस्टइंडीज मास्टर्स को 179/5 के स्कोर तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज मास्टर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और ड्वेन स्मिथ सस्ते में पवेलियन लौट गए, लेकिन विलियम पर्किन्स (24) और लेंडल सिमंस (17) ने पारी को संभाला और पावरप्ले के तूफान को 43 रनों की साझेदारी के साथ झेला। जैसे ही वे संभलते दिखे, श्रीलंका मास्टर्स ने दो विकेट गिरा दिए। इससे कैरेबियाई टीम संघर्ष करती नजर आई। हालांकि इसके बाद वेस्टइंडीज के 55 साल के महान खिलाड़ी लारा क्रीज पर आए उनका फुटवर्क हमेशा की तरह चुस्त रहा। बाएं हाथ के बल्लेबाज लारा ने पारी को संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। चैडविक वाल्टन के साथ लारा ने 60 रनों की साझेदारी की और अपनी टीम को 100 रनों पर पहुंचाया।आक्रामक खेलते हुए वाल्टन ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को कड़ी टक्कर दी और 20 गेंदों पर 31 रन बनाए, लेकिन असेला गुणारत्ने ने उनके जवाबी हमले को रोक दिया और वेस्टइंडीज मास्टर्स को झटका दिया। लारा ने ने 33 गेंदों का सामना करने के बाद चार चौके और एक छक्का लगाकर रिटायर होने तक स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया।



## चोटिल नेमार ब्राजील के विश्व कप क्वालीफायर मैचों से बाहर



रियो डी जनेरियो(ए)। नेमार जांघ की चोट के कारण ब्राजील के विश्व कप क्वालीफायर मैचों में कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। ब्राजीलियाई फुटबॉल महासंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। 33 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 से घुटने की चोट के कारण ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उनकी जगह युवा रियल मैड्रिड खिलाड़ी एंड्रिक को टीम में शामिल किया गया है।नेमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लिखा,वापसी बहुत करीब लग रही थी, लेकिन दुर्भाग्यवश मैं फिलहाल इस खास जर्सी को पहन नहीं पाऊंगा।उन्होंने आगे कहा, हमने लंबी बातचीत की और सभी को मेरी वापसी की इच्छा के बारे में पता है, लेकिन हमने तय किया कि कोई जोखिम न लिया जाए और पूरी तरह ठीक होने के बाद ही मैदान पर वापसी करूं। ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा। पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील की टीम 12 मैचों में 18 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में पांचवें स्थान पर है। अर्जेंटीना 25 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। जनवरी में अल-हिलाल छोड़कर अपने पहले क्लब सैंटोस लौटने के बाद से नेमार ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

### नये कप्तान रहाणे के साथ केकेआर बरकरार रख सकेगी ट्रॉफी ?

मुम्बई (ए)। आईपीएल 2025 में इस बार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपना खिताब बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। इसके लिए केकेआर ने तैयारी भी शुरु कर दी है। टीम ने पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था पर इस बार वह टीम में नहीं है। श्रेयस के अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और ओपनर फिल साल्ट भी उसके पास नहीं है। हालांकि इसके बाद भी केकेआर काफी मजबूत नजर आ रही है।उसके नये कप्तान रहाणे काफी अनभावी हैं। वह साल 2022 में भी वह केकेआर के साथ ही थे पर उस वक्त वह रन नहीं बना पाये थे। पिछले कुछ समय में रहाणे ने टी20 को लेकर अपना रुख बदला है।

## ग्रेटर नोएडा में होगा इंडियन इंटरनेशनल और साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का आगाज

ग्रेटर नोएडा (ए.)। एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित द्वितीय इंडियन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप और पहले साउथ एशियन सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का आगाज 17 से 26 मार्च तक हो रहा है। इस प्रतियोगिता में 25 अलग-अलग देशों के लोग ग्रेटर नोएडा में पहुंचेंगे। इसको लेकर शनिवार को सांसद, विधायक और भाजपा प्रवक्ता जानकारी साझा करेंगे।जानकारी के मुताबिक 15 मार्च को शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास, ग्रेटर नोएडा में दोपहर 1 बजे एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया जाएगा। इसमें सांसद डॉ. महेश शर्मा, भाजपा प्रवक्ता एवं सॉफ्ट टेनिस से जुड़े राकेश त्रिपाठी, सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक कौशिक और विधायक तेजपाल नगर उपस्थित रहेंगे।प्रतियोगिता का आयोजन करवाने वाले आयोजकों ने बताया है कि प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 25 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह प्रतिष्ठित चैंपियनशिप एमेच्योर सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 17 से 26 मार्च तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएगी। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता में लगभग 250 एथलीट 25 देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो भारत में सॉफ्ट टेनिस खेल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। सॉफ्ट टेनिस के इस खेल में भारत की भी कई उपलब्धियां शामिल हैं।सॉफ्ट टेनिस के इतिहास के मुताबिक 1864 में जापान से शुरू हुए इस खेल को आज 64 देशों में खेला जाता है। भारत ने इस खेल में शानदार प्रदर्शन किया है। 2024 वर्ल्ड चैंपियनशिप (कोरिया) में भारत ने मिश्रित युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।



## यह जानना कभी आसान नहीं होता, केएल राहुल ने कही दिल की बात, खुश हुए फैंस

मुंबई(ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अन्य फ्रेंचाइजी के साथ कई सीजन बिताने के बाद, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी 18वें संस्करण में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत करेंगे।राहुल ने स्वीकार किया कि नीलामी में किस टीम के साथ खेलने को लेकर अनिश्चितता थी, लेकिन अब वह डीसी के लिए खेलने को लेकर खुश हैं, जिन्होंने पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। 2024 संस्करण में उनका नेतृत्व करने के बाद उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज कर दिया था। राहुल ने जियो हॉटस्टार से कहा, नीलामी एक नर्वस-ब्रेकिंग अनुभव था। एक खिलाड़ी के रूप में, यह न जानना कि आप किस टीम के साथ समाप्त होंगे, कभी भी आसान नहीं होता। पिछले कुछ वर्षों में, मैंने देखा है कि नीलामी कितनी अप्रत्याशित हो सकती है चीजें कैसे सामने आती हैं, इसका कोई निश्चित पैटर्न नहीं है। पिछले तीन सत्रों से कप्तान होने के नाते, मैं एक टीम बनाने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल रहा हूं।मैं समझता हूं कि टीम बनाते समय फ्रेंचाइजियों को किस तरह के दबाव का सामना करना पड़ता है।

## टीम इंडिया के डब्लयूटीसी फाइनल में नहीं पहुंचने से टिकटों की कीमतें आधीं हुई

लंदन (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के इस बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) के फाइनल में नहीं पहुंचने से लॉर्ड्स स्टेडियम को भी करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। डब्लयूटीसी का फाइनल लॉर्ड्स स्टेडियम में ही खेला जाना है। भारतीय टीम अगर फाइनल में पहुंचती तो इसका रोमांच बढ़ता और टिकटों की कीमतें ऊपर चली जाती पर अब कीमत को आधा करना पड़ा है। ऐसे में जून में लॉर्ड्स में होने वाले पांच दिवसीय मैच की मेजबानी के दौरान करीब चार मिलियन पाउंड (लगभग 45 करोड़ रुपये) का नुकसान होने का अनुमान है। पिछले दो सत्र में उपविजेता रही भारतीय टीम इस बार पहले ही बाहर हो गयी थी। खिताबी मुकाबले में अब ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा।



एक रिपोर्ट के अनुसार, 'भारत के क्वालीफाई करने में विफल रहने के कारण लॉर्ड्स को कम राजस्व प्राप्त होगा।' इसे खेल में भारतीय क्रिकेट का प्रभाव पता चलता है। एमसीसी ने फाइनल में भारत के पहुंचने के अनुमान के साथ मूल रूप से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए टिकट की अधिक कीमत निर्धारित की थीं। जब यह स्पष्ट हो गया कि भारत फाइनल में नहीं पहुंचेगा, तो एमसीसी ने अपनी रणनीति में संशोधन किया और टिकट की कीमत कम कर दीं। इस रिपोर्ट में कहा गया, 'विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए कीमतों में लचीलापन लाने का निर्णय इस वर्ष लिया गया था। अब टिकटें 40 से 90 पाउंड के बीच बेची जा रही हैं। यह मूल कीमत से लगभग 50 पाउंड सस्ती हैं। इससे राजस्व में कमी आई है।' गौरतलब है कि पिछले वर्ष श्रीलंका और इंग्लैंड की टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैच के चौथे दिन सिर्फ नौ हजार दर्शकों के आने के कारण एमसीसी को नुकसान के साथ ही आलोचना का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे टिकटों की कीमतें घटाने पर मजबूर होना पड़ा।

### क्रिकेटरों ने खेली होली, सचिन को यूसुफ पठान ने रंगों से नहला दिया

नई दिल्ली,(ए)। क्रिकेटरों ने भी जमकर होली खेली। युवराज सिंह को रंग लगवाना पसंद नहीं है, लेकिन सचिन तेंदुलकर ने युवराज के कमरे में घसुकर उन्हें रंग से नहला दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सचिन पिचकारी लेकर युवराज सिंह के कमरे में जाते हैं और उन्हें रंग से तरबतर कर देते। इस दौरान सचिन के साथ कई और खिलाड़ी भी थे। सचिन ने युवराज के साथ वाली हरकत अंबाती रायुडू के साथ भी दोहराई। उन्होंने रायुडू को भी रंग से नहला दिया। यह वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है।

अब सचिन तेंदुलकर कैसे बच सकते थे। उन्हें भी युसूफ पठान ने अपना शिकार बनाया।

## चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने के बाद विराट कोहली को अब मिली एक और खुशखबरी, खुशी से झुमे फैंस



नई दिल्ली(ए)- स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल हो गए। सोशल मीडिया पर फ्रेंचाइजी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, कोहली को आरसीबी की जर्सी में पोज देते हुए देखा जा सकता है, जिसके कैप्शन में लिखा है, किंग यहां हैं और हमेशा की तरह, वह सभी से 2 कदम (कभी-कभी बहुत अधिक) आगे हैं।पिछले हफ्ते दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के खिताब जीतने के अभियान के दौरान कोहली शानदार फॉर्म में थे। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर अपना तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीता। 36 वर्षीय कोहली ने पांच मैचों में 54.50 की औसत से 218 रन बनाए। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण 84 रन बनाने से पहले चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीतने वाली नाबाद शतकीय पारी खेली। आईपीएल 2025 सीजन के लिए, आरसीबी ने पिछले साल की मेगा नीलामी में अपनी टीम में बदलाव करने के बाद रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया है।कोहली ने पाटीदार की नियुक्ति पर कहा था, रजत, सबसे पहले, मैं आपको बधाई देना चाहता हूं और आपको शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जिस तरह से आप फ्रेंचाइजी में आगे बढ़े हैं और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने वास्तव में पूरे भारत में आरसीबी के सभी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है।वे आपको खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित होते हैं। इसलिए, यह बहुत अच्छी तरह से योग्य है।

# विदेश समाचार

## एफएए ने वाशिंगटन हवाई अड्डे के पास हेलीकॉप्टर यातायात पर स्थायी प्रतिबंध किया जारी

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की सिफारिशों के बाद रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास गैर-आवश्यक हेलीकॉप्टर संचालन पर स्थायी प्रतिबंध लगा रहा है और हेलीकॉप्टर और यात्री जेट मिश्रित यातायात को समाप्त कर रहा है।एफएए के नवीनतम नियम 29 जनवरी को हवाई अड्डे के निकट ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और यात्री जेट के बीच हुई घातक टक्कर के एक महीने बाद आए हैं, जिसमें 67 लोग मारे गए थे। एफएए ने एक बयान में कहा कि एफएए रोनाल्ड रीगन वाशिंगटन राष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीसीए) के आसपास सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठा रहा है, जो एनटीएसबी की सिफारिशों का पालन करता है। इसने कहा कि एफएए रूट-4 को स्थायी रूप से बंद कर रहा है जो एक प्रमुख हेलीकॉप्टर मार्ग है, तथा जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी की सिफारिश के अनुसार वैकल्पिक हेलीकॉप्टर मार्गों का मूल्यांकन कर रहा है। एफएए ने रनवे 15/33 और 4/22 के एक साथ उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है जब तत्काल मिशन के लिए हेलीकॉप्टर डीसीए के निकट उड़ान भर रहे हों।यह प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के बाहर कुछ तटरक्षक, समुद्री और पार्क पुलिस हेलीकॉप्टर संचालनों तक "दृश्य पृथक्करण" के उपयोग को भी सीमित कर रहा है। दृश्य पृथक्करण एक मानक प्रक्रिया है, जिसमें पायलट केवल रडार पृथक्करण पर निर्भर रहने के बजाय, अन्य विमानों को देखकर उनसे सुरक्षित दूरी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। घातक टक्कर से पहले, ब्लैक हॉक पायलट ने दृश्य पृथक्करण का अनुरोध किया था और



हवाई यातायात नियंत्रक ने उसे इसकी अनुमति दे दी थी।फरवरी के मध्य में एक अपडेट में, एनटीएसबी ने कहा कि जांच से पता चलता है कि संभवतः रेडियो प्रसारण संबंधी समस्याओं के कारण संचार संबंधी गलतफहमियां हुई होंगी, जो टक्कर का कारण हो सकती हैं।दुर्घटना के बाद, एफएए ने हवाई अड्डे के पास अधिकांश हेलीकॉप्टरों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया।मंगलवार को एनटीएसबी ने तत्काल सिफारिश किया कि एफएए हवाई अड्डे के निकट हेलीकॉप्टर परिचालन पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दे, जब कुछ रनवे आगमन या प्रस्थान के लिए उपयोग में हों, तथा इसे हवाई टक्कर की संभावना को देखते हुए विमानन सुरक्षा के लिए असहनीय जोखिम बताया।अपनी 10 पृष्ठों की तत्काल अनुशंसा रिपोर्ट में, एनटीएसबी ने कहा कि रूट-4 के हेलीकॉप्टर कॉरिडोर से 200 फीट (लगभग 61 मीटर) की अधिकतम अधिकृत ऊंचाई पर गुजरने वाले हेलीकॉप्टरों के लिए रनवे 33 पर उतरते समय हवाई जहाज से केवल 75 फीट (लगभग 23 मीटर) की ऊर्ध्वाधर दूरी हो सकती है, जो अपर्याप्त है।रिपोर्ट में कहा गया है कि 2011 से 2024 तक डीसीए के निकट हेलीकॉप्टरों एवं विमानों के बीच हुई मुठभेड़ों के संबंध में स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्टिंग कार्यक्रमों से एकत्रित जानकारी और एफएए डेटा की समीक्षा से पता चला है कि रिपोर्ट की गई अधिकांश घटनाएं लैंडिंग के समय घटित हुईं।एनटीएसबी ने पहले कहा था कि टक्कर के समय ब्लैक हॉक की रेडियो ऊंचाई 278 फीट (लगभग 85 मीटर) थी। हेलीकॉप्टर रूट 1 - जिस रूट पर ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर था - की अधिकतम ऊंचाई स्थान के आधार पर अलग-अलग होती है, लेकिन मेमोरियल ब्रिज के ठीक दक्षिण में 200 फीट (लगभग 61 मीटर) थी, जहां टक्कर हुई थी।सरकारी धन आमतौर पर वार्षिक बजट विनियोजन से प्राप्त होता है, और अमेरिकी कांग्रेस को आमतौर पर एक अक्टूबर को नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पहले नए वार्षिक विनियोजन विधेयक पारित करना चाहिए। हालांकि, हाल के वर्षों में तीव्र दलीय संघर्षों के कारण, अक्सर समय पर सहमति नहीं बन पाती, जिसके कारण कांग्रेस को संघीय सरकार को अस्थायी रूप से चलाए रखने के लिए बार-बार अल्पकालिक व्यय विधेयक पारित करने पड़ते हैं।

## फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने वाली भारतीय छात्रा का वीजा रद्द, खुद हुई डिपोर्ट

न्यूयॉर्क(ए.)। अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने वाली एक भारतीय छात्रा का वीजा रद्द कर दिया गया, जिसके बाद छात्रा सेल्फ डिपोर्ट हो भारत लौटी। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने यह जानकारी दी।होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने कहा कि रंजनी श्रीनिवासन आतंकवादी संगठन हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं और 11 मार्च को अपने स्टूडेंट वीजा के रद्द होने के बाद अमेरिका से स्व-निर्वासित (सेल्फ डिपोर्ट) होकर लौट गईं। बता दें कि रंजनी श्रीनिवासन कोलंबिया विश्वविद्यालय की पीएचडी की छात्रा थीं और अमेरिका में फिलिस्तीन समर्थन में हुए प्रदर्शनों में शामिल हुई थीं। इन प्रदर्शनों के दौरान विश्वविद्यालय की एक इमारत पर कब्जा कर लिया गया था, जिसके बाद दर्जनों छात्रों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।नोएम ने कहा कि अमेरिका में अध्ययन करना "एक विशेषाधिकार" है, लेकिन जब आप हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करते हैं, तो यह विशेषाधिकार छीन लिया जाना चाहिए, और आपको इस देश में नहीं होना चाहिए।



## अगर यूक्रेनी सैनिक आत्मसमर्पण कर देते हैं तो बख्श देंगे उनकी जान', राष्ट्रपति ट्रंप की अपील पर पुतिन का बड़ा बयान

वाशिंगटन (ए.)। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को व्लादिमीर पुतिन से आग्रह किया कि वे रूस द्वारा कुर्स्क क्षेत्र से बाहर निकाले जा रहे यूक्रेनी सैनिकों को छोड़ दें। इस पर अब पुतिन की प्रतिक्रिया आई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन ने कहा, यदि यूक्रेनी सैनिक आत्मसमर्पण करते हैं, तो हम गारंटी देते हैं कि हम उनकी जान बचा लेंगे। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून और रूसी संघ के कानूनों के अनुसार जीवन और सभ्य व्यवहार की गारंटी दी जाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि एक दिन पहले पुतिन के साथ हुई लंबी सकारात्मक चर्चा के बाद रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध समाप्त होने की "बहुत अच्छी संभावना" है। वहीं रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष, पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि यदि यूक्रेनी सैनिक "हथियार डालने से इनकार करते हैं, तो उन सभी को व्यवस्थित और निर्दयतापूर्वक खत्म कर दिया जाएगा।" ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा, "कल रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी और उपयोगी चर्चा हुई, और इस बात की बहुत अच्छी संभावना है कि युद्ध खत्म हो जाएगा।" उन्होंने पुतिन से यूक्रेनी सैनिकों की जान बख्शने का अनुरोध किया।सूत्रों के मुताबिक अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने भी गुरुवार रात मास्को में पुतिन के साथ लंबी बैठक की थी। हालांकि, ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने ये नहीं



बताया कि उनकी पुतिन ने सीधे बात हुई थी या नहीं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन ने विटकॉफ के माध्यम से ट्रंप को "संकेत" दिए थे। उन्होंने कहा कि विटकॉफ द्वारा ट्रंप को जानकारी दिए जाने के बाद रूस और अमेरिका अपने नेताओं के बीच फोन कॉल की व्यवस्था करेंगे। ट्रंप ने इस सप्ताह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी जिसमें उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच 30 दिनों के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद पुतिन ने गुरुवार को कहा कि वह यूक्रेन में 30 दिन के युद्ध विराम के अमेरिकी प्रस्ताव से सैद्धांतिक रूप से सहमत हैं। वहीं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने इस समझौते पर सहमति जताई थी।

## सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाने की तैयारी, नासा-स्पेसएक्स का मिशन शुरू

न्यूयॉर्क(ए.)। नासा और स्पेसएक्स ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक मानवयुक्त मिशन लॉन्च किया। नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाएगा, जो पिछले जून से अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं।ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने शुक्रवार को शाम 7:03 बजे ईटी (शनिवार आईएसटी पर सुबह 4:33 बजे) पर फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया, अंतरिक्ष में अच्छा समय बिताएं, आप सभी! UM 10 ने शुक्रवार, 14 मार्च को शाम 7:03 बजे ईटी(2303 यूटीसी) पर नासा कैनेडी से उड़ान भरी। स्पेसएक्स ने कहा, फाल्कन 9 ने UM -10 को प्रक्षेपित किया, जो अंतरिक्ष स्टेशन के लिए ड्रैगन का 14वां मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। UM -10 मिशन नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी और रूस के रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री किरिल पेसकोव को आईएसएस ले जाएगा। आईएसएस के रास्ते में अंतरिक्ष यान को अंतरिक्ष स्टेशन पर स्वायत्त रूप से डॉक करने में लगभग 28.5



घंटे लगेंगे। UM-10 के ऑर्बिटल प्रयोगशाला में पहुंचने के बाद, नासा का स्पेसएक्स UM-9 मिशन, पृथ्वी पर वापस लौटेगा जिसका हिस्सा सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर था। प्रक्षेपण की योजना मूल रूप से 13 मार्च के लिए बनाई गई थी, लेकिन रॉकेट पर ग्राउंड सपोर्ट क्लैंप आर्म के साथ हाइड्रोलिक सिस्टम की समस्या के कारण एक घंटे से भी कम समय पहले लॉन्च रद्द करना पड़ा।विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर, जो जून 2024 से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे हुए हैं। दोनों जून बोइंग के स्टारलाइनर पर सवार होकर आईएसएस के लिए आठ दिवसीय मिशन पर गए थे।


## बलूची लड़ाकों ने फिर किया पाक सेना पर हमला, कई जवानों के मारे जाने की खबर



इस्लामाबाद (ए)। बलूचिस्तान में 24 घंटे में दूसरी बार पाकिस्तानी सेना पर हमला हुआ है जिसमें कई जवान घायल हो गए। कई जवानों के मारे जाने की भी खबर है। बताया जाता है कि हमलावरों ने पाक सेना के काफिले पर बम से हमला किया।वहीं, बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक की घटना ने पाकिस्तान को आगबबूला कर दिया है। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में बलूच फ्रीडम फाइटर्स के एक्शन के खिलाफ नेशनल एक्शन प्लान पार्ट-2 चलाने वाला है, जिसके तहत एक बार फिर से बलूचों और अफगानों का कत्लेआम किया जाएगा। पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आतंकवादियों द्वारा ट्रेन अपहरण में मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। इनमें सैनिक हैं और 3 रेलवे कर्मचारी।

# श्यामपुर में प्रदेश के प्रथम किसान से गेहूं खरीदकर हुई गेहूं उपार्जन की शुरुआत

## उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश निर्देश






सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 05 माई तक चलेगा। इसी क्रम में सीहोर जिले में आज से समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन प्रारंभ हो गया है ।श्यामपुर तहसील के झरखेड़ा स्थित उपार्जन केंद्र में किसान धर्मेंद्र विश्वकर्मा से गेहूं की खरीदी कर उपार्जन कार्य का शुभारंभ किया गया। धर्मेंद्र विश्वकर्मा मध्य प्रदेश के पहले किसान है जिन से इस उपार्जन सीजन में गेहूं खरीदी का शुभारंभ हुआ। किसान श्री विश्वकर्मा ने 30 क्विंटल गेहूं का विक्रय किया है तथा उन्हें 78,000 का भुगतान उनके खाते में कर दिया गया है। कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों पर छाया, पानी, बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा जारी आदेशानुसार कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रात 8:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक किया जाएगा तथा कृषक तौल पर्ची शाम 06 बजे तक जारी की जाएगी। इसके साथ ही किसानों से एफएक्यू नॉर्म्स अनुसार ही गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। शासन द्वारा जारी उपार्जन नीति अनुसार सभी पंजीकृत किसान एफएक्यू गुणवत्ता की गेहूं ही उपार्जन केन्द्रों पर लेकर आयें। किसानों को अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुकिंग कर बुकिंग दिनांक से आगामी 07 दिवसों के भीतर फसल विक्रय कर ऑनलाईन (पक्का) बिल बनवाना आवश्यक है, बिल की तारीख निकलने के बाद पोर्टल पर बिल नहीं बनेगा। जिन किसानों के ऑनलाइन स्लॉट बुक होंगे सिर्फ उन्ही किसानों से फसल की खरीदी की जायेगी। उपार्जन केन्द्र पर प्रत्येक वारदाने में निर्धारित मात्रा (गेहूं 50 किलो+नवीन जूट बारदाना वजन 580 ग्राम) अनुसार गेहूं की तौल की जाएगी। किसान द्वारा बेची गई फसल का भुगतान किसान के आधार से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा इसलिए किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाइल नंबर को लिंक कराकर अपडेट रखें। उल्लेखनीय है कि गेंहू उपार्जन के साथ-साथ गेंहू के पंजीयन की प्रक्रिया भी 31 मार्च तक जारी रहेगी।

# राजस्व मंत्री ने ग्राम तकिया में आग से खेत में नष्ट हुई फसलों का किया निरीक्षण

**राजस्व मंत्री ने संवेदनशीलता के साथ प्रभावित किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने के दिए निर्देश**



सीहोर, (निप्र)। राजस्व मंत्री करण सिहं वर्मा ने श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई खेत में खडी गेंहू की फसल के नुकसान का निरीक्षण किया तथा प्रभावित किसानों से भेंटकर नुकसान के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि गत दिवस ग्राम तकिया में 10 किसानों की लगभग 28 एकड़ की फसल अग्नि दुर्घटना में नष्ट हो गई थी। आग से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है उनमें ग्राम पाटन के 07 किसान, ग्राम तकिया के 02 किसान तथा ग्राम बरखेड़ा खरेट का एक किसान शामिल है।

निरीक्षण के दौरान राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने किसानों से चर्चा की और फसल में आग लगने से हुए नुकसान की हर संभव मदद के लिए कहा। उन्होंने किसानों की पीड़ा को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों की गेंहू की फसल नष्ट हुई है उन सभी किसानों को उनकी फसल का संवेदनशीलता के साथ-साथ अधिक से अधिक मुआवजा स्वीकृत किया जाए।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानो की सरकार है और विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी सरकार किसानों के साथ डटकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मेहनत को व्यर्थ नहीं जाने देगी। किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनकी हर पीड़ा का समाधान हमारी प्राथमिकता है। जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है, उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा। राजस्व मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी न हो और किसानों को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान सन्नी महाजन, एसडीएम तन्मय वर्मा, नायब तहसीलदार अर्पित मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर सीहोर में महादेव की होली

*विठलेश सेवा समिति ने एक हजार से अधिक बोरी गुलाल, अबीर और फूलों का किया था इंतजाम*

*आधुनिक मशीनों से उडाया अबीर और गुलाल*





सीहोर(निप्र)। हर साल की तरह इस साल भी होली के दूसरे दिन देश भर में प्रसिद्ध पांच दिवसीय महादेव की होली की धूम शहर में देखने को मिली। हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से आए आस्थावन श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ अबीर-गुलाल उडाते नजर आए। काशी, मथुरा और बरसाने की तर्ज पर सीहोर में महादेव की होली में शामिल होने के लिए दो दिन पूर्व ही हजारों की संख्या में कुबेरेश्वरधाम पर श्रद्धालु पहुंचे थे, शहरवासियों ने भी शनिवार को आस्था और उत्साह के साथ महादेव की होली का पर्व मनाया और यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते और पेयजल की व्यवस्था की। महादेव की होली चल समारोह में अघोरी और आदिवासी भी शामिल हुए। इस दौरान आदिवासी नृत्य व झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। चल समारोह का जगह-जगह स्वागत कर स्वलपाहार कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद होली का उत्साह देखने को मिला है और शहर के महादेव मंदिरों में जमकर होली खेली गई। महादेव होली के चल समारोह में कुबेरेश्वरधाम पर बनाए जाने वाले मंदिर की झांकी के अलावा होली खेलते देवी-देवताओं की झांकी आदि शामिल थी। हर शिव मंदिर में श्रद्धालु जाएं और पानी में केसरिया रंग, अष्टगंध घोलकर या चंदन-हल्दी घोलकर शिव को स्नान कराएं, जो रंग आपस में लगाएंगे, वही महादेव की होली है। हर साल की तरह इस साल भी होली के दूसरे दिन देश भर में प्रसिद्ध पांच दिवसीय महादेव की होली की धूम शहर में देखने को मिली, वर्षों से चली आ रही नवाबी होली की जड़ों को समाप्त करने हजारों की संख्या में देश के कोने-कोने से आए आस्थावन श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ होली खेली और अबीर-गुलाल के उडते बादलों से अंबर रंगीन हो गया और सड़कों पर गुलाल जमा रहा।

**17 मार्च को आष्टा में होली का पर्व**

देश के पर्व और परम्पराओं में उत्साह का संचार करने के लिए सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले धरती पुत्र भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद एक बार फिर से होली का उत्साह देखने को मिला है और शहर के महादेव मंदिरों में जमकर होली खेली। अब आगामी 17 मार्च को आष्टा में होली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। शनिवार सुबह हर साल की तरह इस साल भी नदी चौराहा नगर पालिका परिसर स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर से महादेव की होली का जुलूस नगर में धूमधाम से ढोल-नगाडों एवं डीजे की धुनों के मध्य निकाला गया। भव्य चल समारोह में शिव भक्त नाचते-गाते एवं रंग-गुलाल उडाते चल रहे थे। सुबह चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने सैकड़ों भक्तों के मध्य भगवान शिव को चंदन और केसर से युक्त एक लोटा जल अर्पित किया और उसके पश्चात नगर के अनेक शिव मंदिर पहुंचे। महादेव की होली का भव्य जुलूस शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए तहसील चौराहे स्थित महादेव मंदिर पहुंचा। जुलूस के दौरान हुरियारे डीजे, ढोल-नगाडों और बैंड बाजों की थाप पर नाचते गाते चल रहे थे।

विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा द्वारा महादेव की होली के लिए वाहनों पर चार से अधिक आधुनिक मशीनों का इंतजाम किया गया था, करीब एक हजार से अधिक अबीर, गुलाल और फूलों को मशीन में डालकर आस्थावन श्रद्धालुओं पर बरसाया गया। हर तरफ अबीर गुलाल ही उडता हुआ दिखाई दिया, बाबा के भक्त अबीर गुलाल में रंगे नजर आए, महिलाओं ने होली के दौरान फूल और गुलाल-अबीर बरसाकर उन्हें होली के रस से सराबोर कर दिया। महादेव की होली में गुलाल और अबीर उडाने के लिए मशीन के अलावा, महाराष्ट्र, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और जबलपुर के अघोरियों की टीम शामिल हुई है। इसके अलावा झांकियां और झाबुआ आदि के नृत्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

# ग्राम तकिया के प्रभावित किसानों से मिले विधायक श्री राय



सीहोर, (निप्र)। विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई खेत में खड़ी गेंहू की फसल के नुकसान का निरीक्षण किया तथा प्रभावित किसानों से भेंटकर नुकसान के बारे में जानकारी ली और हर संभव मदद दिलाने के लिए कहा। निरीक्षण के पश्चात लौटते समय उन्होंने गांव के बच्चों को चॉकलेट वितरित कीं तथा एक बालिका के पास स्कूल के लिए ड्रेस एवं जूते नहीं होने पर तत्काल क्रय करने के लिए राशि प्रदान की।

# परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज जन रिश्तों को नया आयाम देगें-कैलाश विजयवर्गीय

सीहोर (निप्र)। अग्रवाल समाज के लोग सदैव अपने कुल को मिले वरदान का सदुपयोग करके विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहे हैं और सेवाभाव के कार्य करने में भी सबसे अग्रणी रहे हैं। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के केविनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आगामी 20 अप्रैल को होने जा रहे अग्रवाल समाज के भव्य और विशाल परिचय सम्मलेन के निमंत्रण देने पहुंचे समाज जनों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में सौलह संस्कारों में से एक विवाह संस्कार है, जिसके पूर्व अपना जीवन साथी का चयन करने के लिये परिचय सम्मेलन भी एक उचित और सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। अग्रसोच सौशल फाउंडेशन के द्वारा अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों एवं दिव्यांग, कल्याणी सम्मेलन का आयोजन प्रसंशनीय योज्य है। मेरी ओर से सम्पूर्ण आयोजन समिति को समाजहित में किये जा रहे कार्य के लिये बधाई देता हुं एवं समस्त समाज जनों से भी आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनायें। आयोजन समिति के संयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल, दिन रविवार को शामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में परिचय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के मुख्य सलाहकार मुकेश गोयल एवं मुख्य संरक्षक सुनील गर्ग के मार्गदर्शन में होने जा रहे। अग्र महाकुम्भ का निमंत्रण आज आयोजन समिति के राहुल अग्रवाल नितिन गुप्ता, आशीष गुप्ता द्वारा जिवयवर्गीय जी को दिया गया, जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन देते हुए समाज जनों को शुभकामनाऐं प्रेषित की।

# विधायक राय ने पत्नि के साथ महोदव की पूजा अर्चना के बाद दी जनता को होली शुभकामनाऐं

## महादेव की होली में शामिल हुआ राय परिवार



सीहोर, (निप्र)। चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में विधायक सुदेश राय ने अपनी धर्मपत्नि अरूणा राय के साथ भगवान महादेव की विधिवत पूजा अर्चना कर जल अर्पित किया। महादेव की पूजा अर्चना के बाद विधायक सुदेश राय और अरूणा राय ने नागरिकों के लिए सुख समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की और ऐतिहासिक महादेव की होली चल समारोह में भी सम्मिलित हुए। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर से ढोल बेजबाडों डीजे और अनेक झांकियों हाथी घोड़ों रथों के साथ महादेव की होली चल समारोह शुरू किया गया। महादेव की होली चल समारोह में देश भर से आए श्रद्धालु और शहर के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे। श्रद्धालुओं का विधायक सुदेश राय और अरूणा राय ने फूल वर्षाकर स्वागत किया और होली की शुभकामनाऐं दी। विधायक सुदेश राय ने इस पावन पुनित अवसर पर कहा की अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में कुबेरेश्वरधाम पूरी दुनिया में प्रसिंद्ध तीर्थ स्थल बन गया है शहर में होने वाली नबाव की होली को समाप्त कर उन्होने महादेव की होली मनाना प्रारंभ कराकर सनातन धर्मियों को उर्जा शक्ति से भर दिया है आज महादेव की होली में शहर ही नही बाहर से आए नागरिक भी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए है आस्था और उत्साह के साथ मंदिरों में भी पंडित मिश्रा के आहवान से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धी हुई है यह इस बात का प्रमाण है की हम अपनी संस्कृति से जुड़ रहे है।

# अग्रवाल समाज का होगा परिचय सम्मेलन देश भर के समाज जन होगें शामिल

## परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज जन रिश्तों को नया आयाम देगें : कैलाश विजयवर्गीय

सीहोर, (निप्र)। अग्रवाल समाज के लोग सदैव अपने कुल को मिले वरदान का सदुपयोग करके विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी रहे हैं और सेवाभाव के कार्य करने में भी सबसे अग्रणी रहे हैं। उक्त विचार मध्य प्रदेश शासन के केविनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आगामी 20 अप्रैल को होने जा रहे अग्रवाल समाज के भव्य और विशाल परिचय सम्मलेन के निमंत्रण देने पहुंचे समाज जनों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में सौलह संस्कारों में से एक विवाह संस्कार है, जिसके पूर्व अपना जीवन साथी का चयन करने के लिये परिचय सम्मेलन भी एक उचित और सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। अग्रसोच सौशल फाउंडेशन के द्वारा अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों एवं दिव्यांग, कल्याणी सम्मेलन का आयोजन प्रसंशनीय योज्य है। मेरी ओर से सम्पूर्ण आयोजन समिति को समाजहित में किये जा रहे कार्य के लिये बधाई देता हुं एवं समस्त समाज जनों से भी आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनायें। आयोजन समिति के संयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल, दिन रविवार को शामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में परिचय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के मुख्य सलाहकार मुकेश गोयल एवं मुख्य संरक्षक सुनील गर्ग के मार्गदर्शन में होने जा रहे। अग्र महाकुम्भ का निमंत्रण आज आयोजन समिति के राहुल अग्रवाल नितिन गुप्ता, आशीष गुप्ता द्वारा जिवयवर्गीय जी को दिया गया, जिसे उन्होने सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन देते हुए समाज जनों को शुभकामनाऐं प्रेषित की।

# 16 को सीहोर जिला कुश्ती टीम का गठन

सीहोर, (निप्र)। मंडला में दिनांक 21/03/2025 से 23/03/2025 तक आयोजित म.प्र.केशरी एवं वेड चेम्पियन शिप कुश्ती होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु सीहोर जिला इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ द्वारा जिले की टीम का गठन दिनांक 16/03/2025 दिन रविवार को सरदार पटेल व्यायाम शाला में शाम 4 बजे होगा, जो भी पहलवान इसमें भाग लेना चाहते है, वहा शाम 4 बजे सरदार पटेल व्यायाम शाला में आकर अपना वजन दे सकते हे, और ट्रायल भी दे सकते हे। जूनियर और शिनियर दोनों ही वर्ग का चयन होना है।


## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज ) जिला सीहोर ( म.प्र. )

email- modgmseh@mp.gov.in

क्रमांक-1114/खनिज/उ.प./2025, सीहोर, दिनॉक 11/03/2025

**प्रथम सूचना**

**( म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क )**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक **1. वीर सिंह गुर्जर, आ. श्री मजबूत सिंह निवासी-23 अहिंसा विहार नरेला शंकरी अयोध्या बायपास रोड, हुजूर भोपाल** द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क के तहत उत्खनिपटटा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर **ऑनलाईन पत्र क्रमांक-35942 दिनांक 19.02.2025** को प्रस्तुत किया गया है।

आवेदन का संक्षित विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीहोर | बुधनी | जवाहरखेड़ा | 102,103 | 4.000 हे. | शासकीय | क्रशर हेतु पत्थर | कुल रकबा 5.159 हे.में से 4.000 हे. क्षेत्र पर आवेदन पत्र (नवकरण हेतु)प्रस्तुत किया। |
| | | | कुल रकबा | 5.159 हे. | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला सीहोर में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

जी/24300/24

**उप संचालक खनिज प्रशासन जिला-सीहोर**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर(म.प्र.)

Mail I.D. :- eephseh@nic.in Fax-No. :- 07562-224092 Telephon No. :-07562-224092 NEW BUS STAND SEHORE 466001(M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायाँवि/2025 सीहोर, दिनांक 13.03.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्वति द्वारा ऑनलाईन निविदाओं में निहित शर्तो के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत ( रू. में ) | धरोहर राशि ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य- ( रू.में ) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _409527_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड भैरूंदा के 172 ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित संधारण, निरीक्षण, रखरखाव, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल के नमूने एकत्र करना तथा संबंधित कार्य माइनर स्पेयर्स पार्टस, वाहन एवं श्रमिक सहित। | 2402147.00 | 48043.00 | 5000.00 | 365 दिवस |
| 2025_PHED _409457_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड बुदनी के 139 ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित संधारण, निरीक्षण, रखरखाव, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल के नमूने एकत्र करना तथा संबंधित कार्य माइनर स्पेयर्स पार्टस, वाहन एवं श्रमिक सहित। | 1412180.00 | 28244.00 | 2000.00 | 365 दिवस |
| 2025_PHED _409516_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के 282 ग्रामों में स्थापित हैण्डपंपों का नियमित संधारण, निरीक्षण, रखरखाव, ग्रीसिंग, क्लोरीनेशन, जल के नमूने एकत्र करना तथा संबंधित कार्य माइनर स्पेयर्स पार्टस, वाहन एवं श्रमिक सहित। | 3259542.00 | 50000.00 | 5000.00 | 365 दिवस |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम ( की-डेट्स ) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑन लाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 27.03.2025, 05.30 पीएम |
| 02 | बिड ओपनिंग दिनांक | 28.03.2025, 05.30 पीएम |

जी/24374/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर ( म.प्र. )


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com